

श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 283 | उज्जैन, मंगलवार 28 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

संघर्ष चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो... सफलता के बगैर उसका कोई मोल नहीं होता...!


# धर्म का नाम, उज्जैन तहसील में 20 बीघा सरकारी जमीन की हेराफेरी की तैयारी का काम

## औद्योगिक क्षेत्र की घोषित जमीन को ग्राम पंचायत दुर्दर्शी ने धर्म के नाम पर देने की दी अनापत्ति

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्म के नाम पर उज्जैन (ग्रामीण ) तहसील अंतर्गत 20 बीघा (4 हेक्टेयर) सरकारी जमीन जो कि औद्योगिक क्षेत्र के लिए घोषित की जा चुकी है कि हेराफेरी की तैयारी हो गई है। ग्राम पंचायत ने बगैर हक अधिकार के ही जमीन को लेकर ठहराव प्रस्ताव तैयार कर अनापत्ति तहसीलदार को दी है।मामला इतना गंभीर है कि प्रथम दृष्टया ही लोकायुक्त स्वसंज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज कर सकता है।एसडीएम राकेश शर्मा का कहना है कि मामला संज्ञान में आते ही जांच के लिए आदेशित किया गया है।रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई करेंगे।

उज्जैन जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत दुदरसी उज्जैन ग्रामीण तहसील के अंतर्गत आती है।इस पंचायत के अंतर्गत हरन्याखेड़ी गांव भी आता है।ग्राम पंचायत ने 25 जनवरी 2023 को बैठक आयोजित कर ग्राम हरन्याखेडी में शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 279 पर खाटू श्याम अखाड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट को अनापत्ति का प्रस्ताव क्रमांक 07 लाया गया । इसके ठहराव में स्पष्ट किया गया कि ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से यह प्रस्ताव पारित किया जाता है कि खाटू श्याम अखाड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन नं.61/2021 द्वारा ग्राम पंचायत से शासकीय भूमि सर्वे नंबर 279 रकबा 4 हेक्टेयर (20 बीघा)भूमि पर अनापत्ति मांगी गई है।ग्राम सभा यह प्रस्ताव पारित करती है कि उक्त सर्वे नंबर पर संबंधित ट्रस्ट मंदिर निर्माण करता है तो ग्राम पंचायत को कोई आपत्ति नहीं है।प्रस्ताव की प्रतिलिपि तहसीलदार को अग्रेषित कर दी गई ।

जानकार बता रहे हैं कि संबंधित सर्वे क्रमांक 279 की जमीन सरकारी होकर उघोग क्षेत्र के लिए आरक्षित की जा चुकी है। जमीन पर ग्राम पंचायत को एनओसी जारी करने के भी अधिकार नहीं है। ग्राम पंचायत के सदस्यों को शासकीय भूमि पर अनापत्ति की जानकारी हो न हो लेकिन पंचायत सचिव को इसकी जानकारी न हो यह संभव नहीं है ऐसे में पंचायत सचिव की भूमिका पर सवाल खड़ा हो रहा है। सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि 19 मार्च को दाउदखेडी से संबंधित एक राजस्व कर्मचारी ने यहां पहुंचकर जमीन की नप्ती भी की थी।सवाल तो यह पैदा हो रहा है कि ट्रस्ट का निर्माण दो वर्ष पूर्व ही किया गया है ऐसे में तीन आडिट भी नहीं हुए हैं और 20 बीघा जमीन देने की तैयारी ग्राम पंचायत ने अनापत्ति देते हुए की है।यही नहीं ट्रस्ट को कैसे जानकारी मिली की यह जमीन शासकीय है।इतने बडे मामले में प्रशासन आंख मूंद कर बैठा हुआ है। ग्रामीण स्तर पर



॥ सत्यमेव जयते ॥
कार्यालय ग्राम पंचायत दुदरसी
जनपद पंचायत उज्जैन (म.प्र.)
लाड़सिंह चौहान (हरन्याखेड़ी) सरपंच
मो.9009005852
क्रमांक 2023
दिनांक 25-01-2023
प्रस्ताव प्रतिलिपि

आज दिनांक 25-01-2023 को ग्राम हरन्याखेडी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित किये गये।


| प्रस्ताव क्रमांक 07 | ठहराव क्रमांक 07 |
| --- | --- |
| ग्राम हरन्याखेडी में शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 279 पर खाटू श्याम अखाड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट को अनापत्ति बाबत | ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से यह प्रस्ताव पारित किया जाता है कि खाटू श्याम अखाड़ा चेरिटेबल ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन नं. 61/2021 द्वारा ग्राम पंचायत से शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 279 रकबा 4 हे. भूमि पर अनापत्ती मांगी गई है। ग्राम सभा यह प्रस्ताव पारित करती है की उक्त सर्वे नंबर पर खाटू श्याम अखाड़ा-चेरिटेबल ट्रस्ट मंदिर निर्माण करता है तो ग्राम पंचायत को कोई आपत्ती नहीं है। प्रस्ताव प्रतिलिपि श्रीमान तहसीलदार महो. की ओर उचित कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित |

प्रतिलिपि

चौकीदार छोटी-छोटी जानकारी पटवारी को देता है ऐसे में 20 बीघा पर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई और कोई देखने वाला नहीं है। यहां अभी तक अतिक्रमण का केस भी नहीं बनाया गया है।संबंधित ट्रस्ट ने यहां मूर्ति स्थापित करने की तैयारी भी कर ली है।सरकारी भूमि का सर्वे नंबर ट्रस्ट की जानकारी में आने से पूर्व पटवारी की भूमिका भी संदिग्ध बनी हुई है। इस मामले में ग्राम पंचायत के सचिव से सुरेश राठौर से उनके मोबाईल पर चर्चा किए जाने पर उन्होंने कहा कि हमने अनापत्ति के साथ पंचायत का ठहराव तहसीलदार को दिया है।

### अनुमति ध्वनि विस्तारक की,काम निर्माण का-

मंदिर का निर्माण बाले बाले करने के लिए एसडीएम कार्यालय से अनुमति क्रमांक 75/एसडीएम /2023 दिनांक 21-03-2023 को कथा में ध्वनि विस्तारक यंत्र के नाम पर 22 से 29 मार्च की दोपहर 12 से 04 बजे तक की अनुमति ली गई । इसमें कथा के साथ ही जमीन पर बाकी का काम भी निपटाया जा रहा है। निर्धारित 15शर्तों के साथ यह अनुमति दी



कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग उज्जैन ग्रामीण

क्रमांक 75/एसडीएम/2023

उज्जैन दिनांक 21/03/23

गई लेकिन उसके पीछे की वास्तविकता को लेकर प्रशासन की नजरअंदाजी सवालिया निशान लिए हुए हैं।

### कथा का पोस्टर बहुत कुछ कह रहा-

जिस कथा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति ली गई उसके पोस्टर पर काफी कुछ अंकित है जो कह रहा है कि कुछ भी ठीक नहीं है। इस पोस्टर को अनुमति के आवेदन के साथ भी उपयोग किया गया लेकिन आश्चर्य का विषय तो यह है कि प्रशासनिक तंत्र में किसी ने उसे लेकर एक बारगी विचार करना भी वाजिब नहीं समझा। पोस्टर में साफ तौर पर अंकित किया गया है कि मंदिर निर्माण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्थान भी स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि ग्राम दुदर्शी पंचायत के अंतर्गत, हरनियाखेडी के बडले पर गौशाला के सामने ग्राम बोडानी।यह वहीं सर्वे नंबर की जमीन बताई जा रही है जिसे पंचायत ने अनापत्ति देते हुए तहसीलदार को आवेदन किया गया है । प्रशासनिक स्तर पर अभी जमीन को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है।




### आखिर 20 बीघा जमीन क्यों ?-

सवाल तो इस बात का उठ रहा है कि धार्मिक भावना के लिए मंदिर का निर्माण करना अच्छी बात है लेकिन 1-2 बीघा जमीन पर ही भव्य मंदिर बन सकता है। एक बीघा जमीन में 22500 वर्ग फीट जमीन होती है जो कि एक मंदिर के लिए बहुत होती है। दो बीघा जमीन में मंदिर और अन्य प्रकल्प सभी सुचारू अंजाम दिए जा सकते हैं 20 बीघा जमीन देने एवं लेने के पीछे का मकसद समझ से परे है।

**-मामला संज्ञान में आने पर सोमवार सुबह ही तहसीलदार एवं पटवारी को जांच के आदेश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आते ही कार्रवाई की जाएगी। पंचायत के आवेदन एवं कथा के पोस्टर पर काफी कुछ है।**

**-राकेश शर्मा,एसडीएम,उज्जैन (ग्रामीण)**

## न्यूज ब्रीफ

### काले लिबास में सदन पहुंचे विपक्षी सदस्यों ने खूब किया हंगामा, फेंके कागज, कार्यवाही स्थगित




**नई दिल्ली/जीनएएस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसदी जाने के विरोध में सोमवार को सदन में खूब हंगामा हुआ। विपक्ष के सदस्य सदन में काले कपड़े पहन कर पहुंचे थे। इसके चलते लोकसभा में सोमवार को विपक्ष के भारी हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए आसान की ओर बढ़े। अध्यक्ष ने कहा कि वह सदन को गरिमापूर्ण ढंग से चलाना चाहते हैं और तत्काल सदन की कार्यवाही चार बजे तक स्थगित कर दी। विपक्षी सदस्य काले कपड़े पहनकर सदन में आए थे। इस दौरान विपक्षी सदस्यों की तरफ़ से आसान की ओर कुछ कागज फेंके गए।

### सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे बोले- वैश्विक सुरक्षा प्रदाता के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है चीन

**नई दिल्ली/जीएनएस।**सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि अभिव्यक्तियों का निश्चित रूप से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता है। इसी पृष्ठभूमि के बीच चीन का उदय जारी है। यह अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक आकांक्षाओं से प्रेरित है। एक राजनीतिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति के रूप में चीन के उदय ने इसे विश्व व्यवस्था में एक नई श्रेणीबद्ध स्थिति प्रदान की है जिसका वह नेतृत्व करना चाहता है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तोड़ने के लिए 12 सूत्री शांति योजना के साथ चीन संयुक्त राज्य अमेरिका को वैश्विक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में बदलना चाहता है। पुणे में दो दिवसीय रणनीतिक वार्ता के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए जनरल मनोज पांडे ने कहा कि सऊदी अरब और ईरान के बीच शांति वार्ता की मध्यस्थता और यूक्रेन और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चीनी 12 सूत्रीय शांति योजना को सामने रखना। चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भू-राजनीतिक सुरक्षा गणित में गहराई से उभरने वाले कई पहलुओं के साथ परिदृश्य में अशांति को जोड़ा है।

### ईडी मामले में के कविता को नहीं मिली राहत, महिलाओं को समन जारी करने पर तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/जीएनएस।**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता को दिल्ली आबकारी नीति मामले में जांच में शामिल होने से राहत देने से इनकार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत ÷एक महिला को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में बुलाया जा सकता है÷ के मुद्दे पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। यह मुद्दा कविता द्वारा दायर याचिका में उठाया गया था, जिन्होंने दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में पूछताछ में शामिल होने के लिए उन्हें जारी किए गए समन को चुनौती दी थी।

## एलआईसी, एसबीआई और ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को, निवेश की वजह बताए सरकार



**नई दिल्ली/जीएनएस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार जनता का पैसा अडानी समूह की कंपनियों में क्यों निवेश कर रही है, इसका देश को जवाब चाहिए, लेकिन सरकार मौन बनी हुई है। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि जो पैसा अदानी समूह की कंपनियों में गलत तरीके से डाला गया है, उसको लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं, लेकिन न तो उसकी जांच हो रही है और न इस बारे में कोई जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने ट्वीट किया एलआईसी की पूंजी, अडानी को। एसबीआई की पूंजी, अडानी को। ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को। मोडानी के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी, न जांच, न जवाब। आखिर इतना डर क्यों। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी सवाल किया कि आखिर अडानी की संपत्ति कुछ ही साल में 12 लाख करोड़ रुपये कैसे पहुंची है और जब इस बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया, तो उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### इमरान खान को बड़ी राहत, इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने सात मामलों में मंजूर की अंतरिम जमानत

**इस्लामाबाद/जीएनएस।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को बड़ी राहत देते हुए उनकी सात अलग-अलग मामलों में सोमवार को अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएचसी के जज आमिर फारूक और मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। श्री खान संघीय राजधानी में अपने खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों में गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिये आज लाहौर से आईएचसी पहुंचे थे। पीटीआई अध्यक्ष के खिलाफ इस्लामाबाद के रमना, सीटीडी और गोलरा पुलिस थानों में कुल सात मामले दर्ज हैं।

## मोदी के खिलाफ हम सब एक; पर वीर सावरकर का अपमान नहीं सहेंगे, उद्धव की राहुल को चेतावनी

**नई दिल्ली/ मुंबई/जीएनएस।** लोकसभा से सदस्यता खत्म होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनों के ही निशाने पर आ गए हैं। दो साल की सजा के बाद राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि वह गांधी हैं, सावरकर नहीं, माफी नहीं मांगेंगे। इस बयान को लेकर महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के शिवसेना गुट के गठबंधन में दरार पड़ती दिख रही है।



राज्य के पूर्व सीएम उद्धव ठाकर ने राहुल गांधी को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ लड़ाई में हम आपके साथ हैं, लेकिन वीर सावरकर के खिलाफ एक शब्द भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उद्धव ठाकरे ने खुली चुनौती देते हुए कहा कि उनकी पार्टी एमवीए महाविकास अघाड़ी में है, क्योंकि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं. अगर आप एक साथ लडऩा चाहते हैं, तो यह स्पष्ट है कि हमारे भगवान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन जन-प्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री चौहान

**रेस्टोरेशन कार्य प्राथमिकता से तत्काल पूर्ण किया जाए**

**जिला तथा राज्य स्तरीय अधिकारी भ्रमण कर कार्यों गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की मिशन की समीक्षा**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जल जीवन मिशन महत्वाकांक्षी योजना है। केन्द्र और राज्य शासन के संसाधनों से क्रियान्वित होने वाले इस मिशन से हर घर में नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। योजना का सफल क्रियान्वयन सभी जन-प्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। योजना में हो रहे निर्माण कार्यों के प्रति सजग रहना और समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना आवश्यक है। जल-स्त्रोतों को इस प्रकार चिन्हित किया जाए कि ग्रीष्म ऋतु में निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मिशन में पाइप लाइन डालने के लिए की गई खुदाई का रेस्टोरेशन कार्य प्राथमिकता से तत्काल पूर्ण किया जाए। जिला तथा राज्य स्तर के अधिकारी निरंतर भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा में उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। वर्षा ऋतु से पहले सभी रेस्टोरेशन के कार्य अनिवार्यत- पूर्ण कर लिए जाएं।



**सभी जिले वर्चुअली जुड़े**

मुख्यमंत्री श्री चौहान मिशन में जारी कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सभी जिले वर्चुअली शामिल हुए। मंत्रालय में हुई बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया, वन मंत्री कुँवर डॉ. विजय शाह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उस्थित थे।

**प्रमुख तकनीकी कार्य, पेटी कॉन्ट्रेक्टर को नहीं दिए जाएँ, घटिया और विलंब से हुए कार्य का भुगतान रोकें**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिले अपने कार्यों का रोडमेप बना कर सप्ताह वार लक्ष्य तय करें, कार्य को गति दें और जून-जुलाई तक पूर्ण होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करवायें। योजनाओं के सुचारू संचालन और संधारण के लिए ग्राम पंचायतों, ग्राम, जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को जागरूक कर दायित्व सौंपा जाए। एल एंड टी सहित जिन फर्मों को कार्य सौंपे गए हैं, वे प्रमुख तकनीकी कार्य, पेटी कॉन्ट्रेक्टर को न दें। जिलों में कार्य कर रही फर्म, प्रदेश के विकास में हमारी सहयोगी हैं। जिले के अधिकारी, ठेकेदारों से निरंतर संवाद में रहें।




'' किसान समुदाय की आजिविका उन्नयन में कन्धे से कन्धा मिलाकर अपना योगदान देगें आदान विक्रेता ''

# “आदान विक्रेता उन्नत कृषिगत प्रौद्योगिकी के गुढ़ रहस्यो को महीनता से समझकर किसान समुदाय की आजिविका उन्नयन में सहभागी बने ”

**'' जिले के 75 कृषि आदान वि `ताओ को मिला कृषि डिप्लोमा प्रमाण-पत्र'' »»''झाबुआ जिले के कृषि डिप्लोमाधारी आदान विक्रेता बनेगें कृषिगत क्षेत्र के विषेष सलाहकार''»»'' कृषि आदान व्यवसायी अब विषेषज्ञ की भूमिका में - जिले के उर्वरक और कीटनाषी विक्रेताओं को कृषि पाठ्यक्रम का डिप्लोमा ''**







**झाबुआ/ माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानवसभ्यता के विकास के साथ ही खेती किसानी में नित नई विधाओं को अपनाने का सुदीर्घ इतिहास रहा है। वैज्ञानिक अनुसंधानो से कृषिगत क्षेत्र में विकसित नित नई उन्नत तकनीक अपनाने मे भी किसान समुदाय कभी पिछे नही रहा। मेहनतकष किसान समुदाय के दिन रात परिश्रम और उन्नत कृषिगत तकनीक के सुयोग से देष के कृषिगत क्षेत्र में उपलब्धियों और विकास के नये आयाम गढ़े है। किन्तु बदलते हुऐ वैष्विक परिवेष के मद्देनजर यह आवष्यक है कि कृषिगत क्षेत्र की टिकाउ उन्नति और उत्तरोत्तर आर्थिक विकास के लिये नवीन तकनीक के प्रचार-प्रसार में व्यवसायी समुदाय की सक्रिय भागीदारी भी सुनिष्चित की जावे। कृषि आदान व्यवसाय के क्षेत्र में दषको से जुडे व्यापारी समुदाय को नवीन और उन्नत वैज्ञानिक कृषि तकनीक और समझ से सुपरिचित करवाने के लिये भारत सरकार द्वारा प्रारंभ डिप्लोमा पाठ्यक्रम एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। डिप्लोमा पाठ्यक्रम के माध्यम से जिले के आदान विक्रेता बंधु उन्नत कृषिगत प्रोद्योगिकी के गुढ़ रहस्यो को महीनता से समझकर किसान समुदाय की आजिविका उन्नयन में कन्धे से कन्धा मिलाकर अपना योगदान दे सकेगे। कीटनाषको और उर्वरक विक्रय के साथ-साथ उनके न्यायोचित ढ़ंग से उपयोग के बारे में भी किसानो को बेहतर ढ़ंग से जानकारी देने में डिप्लोमा पाठ्यक्रम आदान व्यवसायीयों के लिये मददगार साबित होगा। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुऐ मुख्य अतिथी के रूप में झाबुआ रतलाम अलिराजपुर सांसदीय क्षेत्र के सांसद श्री गुमान सिंह डामोर ने जिले के 75 आदान विक्रताओ को डिप्लोमा प्रमाण-पत्र वितरीत करते हुऐ बधाई शुभकामनाऐं प्रेषित की।

भारत सरकार की कृषि विस्तार क्षेत्र की देष की षीर्षस्थ संस्था मेनेज हैदराबाद द्वारा देष में कृषि आदान विक्रेताओ के लिये बहुआयामी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। वर्ष 2020-21 में प्रारंभ झाबुआ जिले में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की तृतीय और चतुर्थ बैच के अभ्यर्थीयों द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम परीक्षा सफलतापूर्वक उर्त्तीण करने के फलस्वरूप उनकी पत्रोपाधी प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद के मुख्य आतिथ्य में कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखण्डो के 75 प्रतिभागीयों को उनके डिप्लोमा प्रमाण-पत्र वितरीत किये गये। लगभग 2 वर्ष से अधिक अवधी तक संचालित रहे डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिये जिले के कृषि आदान व्यवसायीयो द्वारा अनवरत कक्षाओ में भागीदारी करते हुऐ ज्ञानार्जन के फलस्वरूप डिप्लोमा प्रमाण-पत्र प्राप्त होने से पाठ्यक्रम की दोनो बैच के प्रतिभागीयो में हर्ष और उल्लास देखा गया। कृषि डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पहली बार दो महिलाओ ने भी भागिदारी करते हुऐ डिप्लोमा प्राप्त किया। कल्याणपुरा की श्रीमती मंजुबाला जैन और रानापुर की श्रीमती प्रिति संदेश सेठिया ने पूरी लगन और मेहनत से पढाई करते हुऐ डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा सफलतापूर्वक उर्त्तीण करते हुऐ प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। डिप्लोमा पाठ्यक्रम बैच की ओर से प्रतिनिधित्व उद्बोधन राजेन्द्र जैन थांदला, होजेफा बुरहान भाई पिटोल द्वारा दिया गया। राजेन्द्र जैन ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम के दौरान अभ्यर्थीयो द्वारा अर्जित ज्ञान से संतोष व्यक्त करते हुऐ कहां की विगत दो वर्षो के दौरान उन्नत कृषिगत तकनीक के सिद्धांतो और नये आयामों की समझ विकसीत होने से व्यवसायी बंधुओ में उर्जा का नया संचार हुआ है। पाठ्यक्रम की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुऐ सर्वोच्च अंक हासिल करने के फलस्वरूप राजेन्द्र जैन, मंयक जैन को कास्य प्रमाण-पत्र, नितेष जैन एवं संदीप मेरतवाल को रजत प्रमाण-पत्र तथा नयन पडीयार एवं होजेफा बुरहान भाई द्वारा स्वर्ण प्रमाण-पत्र से अंलकृत किया गया। जिले में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की नोडल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एवं परियोजना संचालक आत्मा गौरीषंकर त्रिवेदी द्वारा पाठ्यक्रम के उद्देष्यपूर्ण संचालन में अभ्यर्थीयों की सक्रिय सहभागिता के लिये व्यवसायीयों की भूरी-भूरी प्रषंसा करते हुऐ अतिथियों के करकमलो से प्रमाण-पत्र वितरण सम्पन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान स्वागत उद्बोधन देते हुऐ जिले के उप संचालक कृषि नगीनसिंह रावत द्वारा पाठ्यक्रम की महत्ता और उपयोगिता के संबध में सारगर्भित प्रकाष डाला। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. आई.एस.तोमर द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेती किसानी में वैज्ञानिक अनुसंधानो और नवीनतम उन्नत तकनीक की उपयोगिता को रेखांकित करते हुऐ डिप्लोमा अभ्यर्थीयों को प्रेरणादायी उद्बोधन से अभिसंचित किया। डॉ. तोमर ने आसन्न वैष्विक परिवेष में कृषि में नवीन तकनीक के प्रचार-प्रसार की संभावनाओ और विधाओ से सदैव सुसज्जीत रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जगदीष मोर्य, डॉ. चन्दन कुमार, डॉ. आर.के त्रिपाठी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम का संचालन तकनीकी अधिकारी गोपाल मुलेवा और आभार प्रदर्षन मालसिंह धार्वे उप परियोजना संचालक आत्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान आत्मा परियोजना के ब्रजेष गोठवाल, मनुएल भाबोर, श्रीमती भानुप्रिया बावनीया द्वारा अपनी सक्रिय सुत्रधारिता से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन पूर्ण किया। पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में संतोष सिंह मोर्य, एस.एस.रावत द्वारा सहभागिता की गई।

## सार समाचार

### जिला कौशल समिति की बैठक 28 मार्च को

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आईटीआई झाबुआ के पत्रानुसार दीनदयाल अत्योंदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट घटक अंतर्गत राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं का चयन जिले में स्थित नगरीय निकाय हेतु किया गया है। प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को निकायवार राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्य के अनुसार जॉबरोल चयन/अनुमोदन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 28 मार्च, 2023 को दोपहर 01:00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### परीक्षा कार्यों में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी के मोबाइल प्रतिबंधित

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परीक्षा नियंत्रक, म0प्र0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल म0प्र0 भोपाल के निर्देशानुसार परीक्षा कार्य में संलग्न समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी जो विभिन्न तरह के परीक्षा कार्यो में संलग्न है ( जैसे-सीएस, एसीएस, कलेक्टर प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक, तथा थाने से पेपर निकालने से लेकर परीक्षा उत्तरपुस्तिकाएं सील्ड कराने तक के कार्यो में लगे हुए) सभी को अपने साथ मोबाइल रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है। परीक्षा कार्य में लगे हुए उड़नदस्ता दल भी अपने साथ मोबाइल नहीं रखेंगे। उक्त निर्देश का जिले के उक्त सभी अधिकारी कर्मचारी अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

### नरसिंहपुरा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नरसिंहपुरा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मंदसौर के तत्वाधान में 26 मार्च को होली मिलन समारोह तथा फाग महोत्सव का आयोजन णमोकार महामंत्र साधना केंद्र बही पार्श्वनाथ चौपाटी पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्रुप परिवार के सभी दंपत्ति सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया तथा सांस्कृतिक गेम तथा फाग महोत्सव का लुफ्त उठाया। प्रारंभ में ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश जैन भड़का ने सभी पधारे हुए सदस्यो का अभिवादन किया। संचालन सलोनी जैन ने किया। मंगलाचरण सोनाली जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम नगीना जैन, सरिता जैन, अलका जैन एवम् स्वीटी जैन द्वारा कराए गए। इस अवसर पर ग्रुप के संरक्षक विनोद जैन कुंचडोद, बाबूलाल जैन बनी, संयोजक प्रदीप जैन नंदावता, उमेश जैन भड़का उपाध्यक्ष निलेश जैन नंदावता, सचिव महेश जैन फ्रेंड्स, कोषाध्यक्ष अनिल जैन आदिनाथ, संगठन मंत्री अनिकेत जैन खजुरिया, प्रवक्ता सौरभ जैन फॉरेस्ट, के साथ ही ग्रुप परिवार के अन्य गणमान्य दंपत्ति सदस्य भी उपस्थित थे। आभार महेश जैन फ्रेंड्स ने माना।

एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

# शहीद जवान की प्रतिमा स्थापना नही की तो एनएसयूआई करेगी स्थापना- अंकुश भटनागर




**सोयत कला/ विष्णु जाटव/दैनिक मालावा हेराल्ड।** मंगलवार को एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अंकुश भटनागर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार कार्यालय में बाबू को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहीद जवान स्व बनवारीलाल राठौर 3 दिसंबर 2021 को अरुणाचल प्रदेश के यागसे में शहीद हो गए थे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व बीजेपी सरकार न शहीद जवान स्व बनवारी लाल राठौर जी की प्रतिमा सोयत चौराहे पर,शासकीय कॉलेज सोयतकला का नाम शहीद जवान के नाम से रखने व परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहयोग राशी व अनुकंपा नियुक्ति देने की घोषणा की गई थी । लेकिन? अभी तक इनमें से एक भी मांग सरकार द्वारा पूरी नही की गई जबकि उनके परिवार में दो छोटे बच्चों के अलावा उनकी पत्नी है। इसी को लेकर आज नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर जल्द सभी मांगो को पूरा करने की मांग की है। नही तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन? करेगी व बीजेपी सरकार द्वारा प्रतिमा स्थापित नही करती है तो एनएसयूआई द्वारा शहीद जवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ज्ञापन सोपते समय? एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### शहीद जवान के परिवार से मिले एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अंकुश भटनागर

एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव व विधायक प्रतिनिधि अंकुश भटनागर दिवानखेड़ी स्थित शहीद जवान के परिवारजन से मुलाकात की इस दौरान शहीद की पत्नी द्वारा बताएं कि मेरे द्वारा शिवराज सिंह चौहान से कई बार अनुकंपा नियुक्ति,आर्थिक सहायता, के लिए निवेदन किया गया पर सरकार व प्रशासन की और से किसी ने भी परिवार से सम्पर्क नही किया जबकि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ही घोषणा की गई थी कि नोकरी व सम्मान निधि 1 करोड़,प्रतिमा स्थापना व कॉलेज के नामकरण की घोषणा की गई थी परंतु एक भी मांग पूरी नही की गई व शहीद जवान का परिवार आज परेशानी का सामना कर रहा है अंकुश भटनागर ने परिवारजन से मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ,पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह व आगर विधायक विपिन वानखेड़े के माध्यम से हर संभव मदद दिलवाने की बात कही।

# खाचरोद में भगवान नीलकंठ महादेव ने चामुंडा माँ को भेजी चुनरी माता की चुनरी के साथ निकली नगर मे शोभायात्रा

खाचरोद में वर्षो से चलती आ रही है परम्परा फूलो से सरबोर हुआ नगर





**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद में चैत्र मास नवरात्री के पावन उपलक्ष्य में खाचरोद नगर मे प्राचीन कालिका माता को नीलकंठ महादेव ने भेजी चुनरी खाचरोद नगर के सभी धर्मोजनो द्वारा वर्षो से चुनरी ओड़ाने की परम्परा चलती आ रही है जिसका निर्वाहन करते हुए बड़े उत्साह और उल्लास और ढ़ोल धमाको के साथ नगर मे चुनरी सोभायात्रा निकाली गई गुलाब के फुलों की बरसात होती रही भक्तों के लिए ठंडाई,फलाहार रसना वितरित हुई कार्यक्रम मे नगर की धर्म प्रेमी माताएं बहने वरिष्ठ युवा भक्त अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बने यात्रा रविवार शाम 5 बजे श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होते हुए पुराना बस स्टैंड, चबूतरा चौराहा गणेश देवली शीतला माता मार्ग धाकड़ धर्मशाला कस्बा होते हुए चामुंडा माता मंदिर पर पहुंची मां चामुण्डा माता की चुनरी के दर्शन करने को रास्तेभर दर्शालुओं का तांता लगा रहा कालिका माता को चुनरी ओड़ाकर माताजी का दर्शन लाभ लिया और महाआरती कर प्रसादी वितरण किया सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तेद रही।

# सोयत नगर मे एनएसयूआई की कार्यकरणी का हुआ गठन

**सोयत कला/ विष्णु जाटव/दैनिक मालावा हेराल्ड।** मंगलवार को विश्राम ग्रह पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव अंकुश भटनागर,नगर अध्यक्ष आगर इमरान अली,कॉलेज अध्यक्ष राहुल मेघवाल,सुसनेर विधानसभा प्रभारी निखिलेश पटेल,शहर अध्यक्ष सोयत मनीष दांगी,प्रभारी जगदीश दांगी,पप्पू दांगी की उपस्थिति में एनएसयूआई की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में कार्यकरणी का गठन किया गया जिसमें नगर उपाध्यक्ष करण राजपूत,नगर सचिव रोहित गुर्जर,नगर महासचिव संदीप दांगी,ब्रिलियंट स्टार किड अकादमी स्कूल की कार्यकरणी में प्रभारी शिवराज बजरंग दांगी,अध्यक्ष शिवराज दांगी,कार्यकारी अध्यक्ष मनोज राठौर, उपाध्यक्ष अंकित दांगी,अजय राठौर,महासचिव दीपक दांगी,अंकित दांगी,बलराम दांगी,सचिव रामगोपाल दांगी,विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय में प्रभारी श्रीनाथ दांगी,अध्यक्ष अशोक दांगी,कार्यकारी अध्यक्ष नीलेश दांगी,उपाध्यक्ष पवन दांगी,आरुष राठौर,महासचिव हरिओम दांगी,यशवंत मालवीय,ओमकार भावसार,ईश्वर सिंह सिसोदिया,नीरज दांगी,निकिराज दांगी,सचिव दुर्गाशंकर दांगी,शासकीय महाविद्यालय सोयतकला प्रभारी पवन दांगी, अध्यक्ष कमलेश दांगी,कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी,उपाध्यक्ष रोहित दांगी,कमल सिंह,महासचिव कालू सिंह,अंकित सिंह चंद्रावत,कृष्णपाल सिंह राजपूत,सुजल सिंह रजावत,सचिव कृष्ण मोहन गुर्जर,सरस्वती शिशु विधा मंदिर में प्रभारी कालूराम दांगी,अध्यक्ष मंगलेश दांगी,अध्यक्ष कार्यकारी शिवराज दांगी,उपाध्यक्ष राहुल कुशवाह,रामेश्वर राठौर,महासचिव विकास विश्वकर्मा,संजय विश्वकर्मा,सचिव नरेंद्र दांगी व ड्यूनिक पब्लिक स्कूल में प्रभारी लोकेश वर्मा,अध्यक्ष दुर्गालाल दांगी,अध्यक्ष कार्यकारी मनीष राठौर,उपाध्यक्ष मनीष वर्मा,महासचिव कमल माली,अंकित राठौर,हरिओम राठौर व सचिव पद पर अभिषेक कुशवाह को नियुक्त किया गया व नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हम राहुल गांधी की सेना सावरकर की नहीं जो गिरफ्तारी से डर जाए विक्रांत भूरिया

नियम न कायदा, काम वहीं करती है, जिसमें भाजपा को हो फायदा- विक्रांत भूरिया

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पुलिस पर दबाव बनाकर उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर असंवैधानिक और गलत तरीके से कार्यवाही की जा रही है। देश और प्रदेश में जिस तरह भाजपा द्वारा अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है, उससे प्रदेश का लोकतंत्र खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी की सेना हैं, सावरकर की नहीं, जो भाजपा के दबाव में पुलिस की असंवैधानिक कार्यप्रणाली से डर जायें।

भूरिया ने कहा कि भाजपा की एक ही नीति है, न नियम न कायदा, काम वहीं करती है, जिसमें हो भाजपा को फायदा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पुलिस द्वारा भाजपा के दबाव में मुझे झाबुआ से गिरफ्तार कर भोपाल 350 किलोमीटर लाया गया, तानाशाही और बदले की भावना के सिवाय कुछ नहीं है। जिस प्रकार भोपाल की पुलिस भेजकर मुझे गिरफ्तार किया, भाजपा सरकार का यह रवैया असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना है। यदि यहीं काम भाजपा ने सच्चाई के साथ मेहुल चौकसे, नीरव मोदी जैसे भगौड़े के लिए किया होता तो वे आज देश की करोड़ों-अरबों की संपत्ति को लेकर भाग नहीं पाते। सरकार लोकतंत्र का दमन कर सच्चाई बोलने वालों की आवाज को दबाने का काम कर रही है, वहीं कृत्य भाजपा के इशारे पर मेरे साथ कल पुलिस द्वारा किया गया। लेकिन हम डरे नहीं, हमने कहा कि हमें गिरफ्तार करों या जेल में डाल दो, हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब मुझे गिरफ्तार किया गया तो पुलिस प्रशासन की लगातार बात होती रही कि मुझे कहां लेकर जाना है, और रास्ते भर पुलिस यह तय नहीं कर पायी कि कहां लेकर जाना हैं, पुलिस अंततः भोपाल लेकर आयी और मुझसे पूछा गया कि आपको इस गिरफ्तारी के बचाव में क्या कोई वकील करना है, किसी से कोई बात करना है, घर पर बता कर आये हैं अथवा नहीं, लेकिन उन्होंने किसी भी कार्यवाही से साफ मना कर दिया और कहा कि मुझे तो आप जेल में डाल दें, मेरे परिवार को सब जानकारी है।

भूरिया ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। जिस प्रकार हमारे नेता राहुला गांधी जी पर असंवैधानिक तरीके से कार्यवाही कर लोकसभा से सदस्यता समाप्त कर उनसे बोलने की आजादी को छीना गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूरी भाजपा देश के चंद बड़े अडानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों को देश की संपत्ति लुटाती जा रही है, यह देश के लिए बड़ा खतरा है। हमारे नेता द्वारा उनकी चोरी को उजागर किये जाने पर उनकी आवाज को बंद करने के लिए उनके मुंह पर ताला लगाने के लिए उनकी लोकसभा से सदस्यता समाप्त की गई, जो पूरी तरह अनुचित है। प्रदेश ही नहीं देश का एक-एक कार्यकर्ता राहुल गांधी की आवाज बनकर भाजपा सरकार के इस कायराना कृत्य का सड़कों पर विरोध करेंगे,



सत्याग्रह करेंगे।

भूरिया ने कहा कि पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही और गिरफ्तारी को मजिस्ट्रेट ने पूरी तरह असंवैधानिक बताया और पुलिस की कार्यप्रणाली को गलत ठहराया और मुझे एवं मेरे साथियों को बिना किसी, मुचलके, जमानत पर छोड़ दिया गया, वे धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने एक वीडिया मीडिया के साथियों को दिखाया जिसमें पुलिस द्वारा झूठ बोलते हुए कहा जा रहा है कि यह कार्यवाही न्यायालय के आदेश पर की गई है। जिन धाराओं के तहत मुझे गिरफ्तार किया गया था, पुलिस की इस अवैधानिक एवं गलत कार्यवाही के खिलाफ युवा कांग्रेस कोर्ट जायेगी और न्याय की गुहार लगायेगी।

भूरिया ने कहा कि प्रदेश में 24 प्रतिशत आदिवासी हैं। चाहे नेमावर की घटना हो या प्रदेश में अलग अलग जिलों में आदिवासियों पर हो रही अन्य घटनाएं हो भाजपा सरकार आदिवासियों पर लगातार प्रहार कर रही हैं। यही नहीं मप्र में सबसे ज्यादा आदिवासी जेल में हैं। भाजपा सरकार जहां एक और आदिवासियों को लुभाने और उन्हें समर्थन करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी और आदिवासियों के ऊपर झूठे प्रकरण का दर्ज कर उन्हें फंसाया जा रहा है। आदिवासी विरोधी भाजपा सरकार का दोहरा चरित्र देश और प्रदेश की जनता देख रही हैं। भाजपा अब कितने ही दावे कर ले जनता ने उसे सबक सिखाने का मन बना लिया है। उक्त जानकारी संभागीय कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने दी।

### नवागत पुलिस अधीक्षक श्री कौरी ने किया जिले का पदभार ग्रहण





**आगर- मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संतोष कौरी द्वारा सोमवार को पुलिस अधीक्षक आगर मालवा का पदभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री कौरी ने आगर मालवा जिले में पहुंचने पर सर्वप्रथम मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा पहुंचकर सपत्नीक मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना की, तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक आगर- मालवा का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर, एडिशनल एसपी एनएस सिसोदिया एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर नवागत पुलिस अधीक्षक का सम्मान किया।

# जिला जेल में हुआ हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन






**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला जेल में बंदियों के मनोरंजन के लिए हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत सिंह सम्मिलित हुए। साथ ही अन्य न्यायाधीश गण भी मंचासीन हुए। प्रसिद्ध हास्य कवि मुन्ना बैटरी मंदसौर,गोपाल धुरंधर पालसोड़ा, लोकेश जड़िया धार,नम्रता नमिता भोपाल तथा महेश त्रिवेदी मंदसौर ने अपनी हास्य रचनाओं से सभी का मनोरंजन किया। यह कवि सम्मेलन लगभग दो घंटे चला।

मुन्ना बैट्री ने अपनी हास्य रचनाओं का समां बांधा। कोरोना काल की परिस्थितियों को उन्होंने बड़े ही चुटीले अंदाज में प्रस्तुत किया। गोपाल धुरंधर ने अपनी हास्य की चुटकियों को मालवी बोली में ही प्रस्तुत किया व भरपूर मनोरंजन किया। नम्रता नमिता ने मधुर गीतों को हास्य के साथ जोड़ा व सबको खूब हंसाया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए लोकेश जड़िया पूरे समय हास्य का रस बरसाते रहे। जिसका सभी ने भरपूर आनन्द लिया। महेश त्रिवेदी ने श्रृंगार रस के गीत प्रस्तुत किए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजित सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के कुछ नैसर्गिक अधिकार होते हैं जिनसे उन्हें वंचित नहीं रखा जा सकता। किन्हीं परिस्थितियों के कारण लोग जेल में आते हैं। समय पूरा होने पर रिहा भी होते हैं। जेल अवधि में रहते हुए बंदियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। वास्तव में जेल अधीक्षक पीके सिंह इस रचनात्मक पहल के लिए साधुवाद के पात्र हैं। संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया। आभार सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती सुभद्रा ठाकुर ने माना।

## समस्त जिला अधिकारी लाड़ली बहना सेंटर का निरीक्षण कर कमियां दूर करें-कलेक्टर यादव




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन में आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिला अधिकारी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सेंटर का जरूर निरीक्षण करें। सेंटर पर क्या कमी आ रही है, उसको दूर करें। अगर एक से अधिक कंप्यूटर ऑपरेटर लगाने की आवश्यकता हो तो वह भी जरूर लगाएं। सभी पात्र महिलाओं का ऑनलाइन आवेदन कर उन्हें प्राप्ति देवें। अगर किसी ग्राम पंचायत में ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण नहीं है तो, ईकेवाईसी के लिए अलग से कैम्प आयोजित करें। सभी सेक्टर अधिकारी ग्राम पंचायत तथा वार्डों का प्लान भेजें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम एवं सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर यादव ने सभी जिला अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण जल्द करें। निराकरण करने में लापरवाही न करें।

## लायन प्रवीण वशिष्ठ ने डिस्ट्रिक्ट गर्वनर द्वितीय पद के लिये दाखिल किया नामाकंन पत्र

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 27 मार्च को एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ ने अपने सेकड़ो लांयस साथियों के साथ प्रातः बाबा महाकाल के आर्शीवाद के साथ नामिनेशन कमेटी के चेयरमेन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन आनंदकांत भट्ट , को-चेयरमेन नामिनेशन कमेटी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन आर.जी.पाठक एवं नामिनेशन कमेटी के सदस्य लायन नरेन्द्र खण्डेलवाल के समक्ष डिस्ट्रिक्ट 3233 जी -2 के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर द्वितीय पद के लिये अपना नामाकंन पत्र प्रस्तुत किया।

उक्त के साथ ही लायन प्रवीण वशिष्ठ ने नामांकन की प्रतियां डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन डॉ. अजय गुप्ता एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन भगवान दास एरन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एमजेएफ लायन बलबीर सिंग साहनी को भी प्रस्तुत किया।

# ग्वाला समाज के चुनाव संपन्नः जिलाध्यक्ष बने अनिल मसानिया




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीकृष्ण ग्वाला गवली यादव सामाजिक संस्था मंदसौर के चुनाव आज रविवार को आयोजित किए गए। पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में ग्वाला समाजजनो ने उत्साह के साथ भाग लिया। चुनाव अध्यक्ष पद के लिए ही आयोजित हुए। चुनाव में जिले के मंदसौर के साथ ही गरोठ, नारायणगढ़, सीतामऊ, दलौदा के 897 समाजजन मतदाता शामिल थे। इनमें से 770 मतदाताओं अपने मताधिकार का उपयोग किया । अध्यक्ष पद पर अनिल मसानिया और अशोक हिनवार के बीच आमने-सामने की टक्कर थी स जिसमे अनिल मसानिया को 452 वोट मिले वही अशोक हिनवार को 311 मत मिले स 7 मत निरस्त हो गए। अध्यक्ष पद पर अनिल मसानिया कुल 141 मतों के अंतर से विजयी हुए। चुनाव में को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद दोपहर 2 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई स देर शाम तक नतीजे सामने आए। इसके बाद समाजजनों ने जीत का जश्न मनाया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दीपक बड़सोलिया एवं सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट चंदन सावरे द्वारा चुनाव करवाए गए।

## 40 कट्टे मैथी दाना और 30 कट्टे रायड़ा लेकर ट्रक समेत चालक हुआ फरार

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र में अमानत में खयानत करने का मामला सामने आया है। कृषि उपज मंडी से भरी करीब ढाई लाख की उपज को ट्रक चालक ने गायब कर दिया। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 28 दिसंबर को मंदसौर कृषि उपज मंडी की फॉर्म रामजी फूड प्रोडक्ट के संचालक नटवरलाल कुमावत ने नीमच के ओरिएंटल ट्रांसपोर्टर के जरिए ट्रक में 40 कट्टे मैथी दाना और 30 कट्टे रायडा के लोड करवाए, जिनकी कीमत 2 लाख 36 हजार 252 रुपए है। ट्रक मालिक सुखराज पिता पाल सिंह निवासी मोहाली सास नगर पंजाब ट्रक लेकर आया था। यह खुद ही ट्रक मालिक भी है। उपज को श्री हरी एजेंसी केरला पहुंचना था। मंदसौर से केरला पहुंचने में ट्रकों करीब 7 से 8 दिन का समय लगता है, लेकिन जब 20 दिन बाद भी माल संबंधित फर्म को नहीं पहुंचा तो व्यापारी को आशंका हुई और उन्होंने ट्रक मालिक सुखराज को फोन से बात की। शुरुआत में उसने ट्रक को फाइनेंस कंपनी द्वारा सीज करने का बहाना बनाया इसके बाद रुपए लौटने की कहकर टालता रहा लेकिन शनिवार को वह माल और रुपए लौटाने से मुकर गया इसके बाद फरियादी ने धोखाधड़ी की शिकायत यशोधर्मन नगर थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने ट्रक मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, यह हमेशा जीवित रहेगी- नपाध्यक्ष यादव

### 9 दिवसीय बैजनाथ महादेव मेले का समापन हुआ



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां नगर परिषद की ओर से आयोजित 9 दिवसीय विख्यात श्री बैजनाथ महादेव मेले का रविवार रात समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस मौके पर पुरस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि व भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र राठौड़, नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, भाजपा नेता शेखर यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रीतेशसिंह पवार, महिला मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री माध्वीकुंवर सोलंकी, महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल की पूर्व अध्यक्ष हेमलता चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष निशांतसिंह भाटी सहित अन्य अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

सीएमओ मनोज कुमार मौर्य, मेला समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, मेला समिति उपाध्यक्ष बबिता चेतन नागल, पार्षद भारती राठौड़, अनिता संतोष चौहान, झन्नूबाई सिरवी, सुखराम देवदा, जगदीश पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि सन्तोष चौहान, दीपक जाधव, चेतन नागल, भेरूलाल डावर सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। मेला समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि यहां नगर परिषद की ओर से आयोजित होने वाले मेले की परपंरा बहुत पुरानी है। 127वें साल को हमने पूरा किया है। मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह हमेशा जीवित रहेगी। उन्होंने कहा कि मेले की शोभा क्षेत्र के आने वाले लोग होते है। इस साल भी लोगो मे काफी उत्साह था। मेले में उमड़ी लोगों की भीड़ को देखते हुए ही हमने मेला 2 दिन ओर आगे बढ़ाया था। भागम भाग की इस दुनिया मे हमे मेला भरपूर आनंदित करता है। यह सिर्फ मनोरंजन ही नही अपितु एक दूसरे से मिलाप का काम भी करता है। कार्यक्रम को शर्मा व राठौड़ ने भी संबोधित किया।

**प्रमाण पत्र भेंटकर दुकानदारों को किया सम्मानित**-इस मौके पर मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों के साथ ही झूले, चकरी लेकर आए व्यापारियों व मेले में व्यवस्था संभालने वाले नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदार, निकायकर्मी सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन मनोज सोलंकी ने किया। आभार सहायक मेला अधिकारी मुकेश पाठक ने माना।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व परियोजना अधिकारियों ने बनाई मानव श्रृंखला



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परियोजना अधिकारी संघ, पर्यवेक्षक संघ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संगठन के तत्वावधान में 27 मार्च को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में रैली निकालकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मुकेश सोनी को ज्ञापन दिया गया। संगठन जिलाध्यक्ष चेना गुर्जर ने कहा कि परियोजना अधिकारियों का आहरण संवितरण अधिकार पुनः देकर विकेन्द्रीकरण किया जाये। देश के अन्य सभी राज्यों में परियोजना अधिकारियों को डीडीओ दिया गया है एवं भारत सरकार की गाइडलाइन में भी परियोजना अधिकारियों को डीडीओ देने का प्रावधान है। परियोजना संघ के अधिकारी मनोज दुबे ने कहा कि पर्यवेक्षकों का नियमित प्रमोशन करके परियोजना अधिकारी के रिक्त से पद भरे जाये वर्तमान में विगत 30 वर्षों से अनेक पर्यवेक्षक एक ही पद पर पदस्थ है। पर्यवेक्षकको सम्पूर्ण में कम से कम प्रमोशन दिये जाये।

# जावद जनपद पंचायत के अध्यक्ष को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते पकड़ा

### सरपंचों ने भी की थी शिकायत



**नीमच/मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले के जावद में उज्जैन लोकायुक्त ने सोमवार को आमद दी। यहां जावद जनपद पंचायत के अध्यक्ष को 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जावद जनपद पंचायत अध्यक्ष ने ई-कक्ष भवन निर्माण की राशि को मंजूर कराने के लिए 10 प्रतिशत कमीशन मांगा था। जानकारी के अनुसार जावद जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपाल चारण ने ग्राम पंचायत खोर निवासी बलराम जाट पिता रामनारायण जाट से रिश्वत मांगी थी। बलराम जाट ने गोपाल चारण से ग्राम पंचायत खेड़ा राठौड़ में ई-कक्ष भवन निर्माण की 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने के लिए कहा। गोपाल चारण ने इसके लिए 10 प्रतिशत के हिसाब से 50 हजार की रिश्वत मांगी। बलराम जाट ने लोकायुक्त उज्जैन के निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव से शिकायत की। टीम ने मौके पर पहुंचकर गोपाल चारण को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक श्रीवास्तव ने बताया कि नीमच जिले के बलराम जाट पिता रामनारायण जाट निवासी ग्राम पंचायत खोर तहसील जावद से ग्राम पंचायत खेड़ा राठौड़ में ई-कक्ष भवन निर्माण की राशि 5 लाख स्वीकृत करने के लिए 10 परसेंट के हिसाब से 50 हजार की रिश्वत जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण ने मांगी थी। बलराम जाट की शिकायत पर आज रिकॉर्डिंग करने के बाद कार्यवाही की गई, तो जनपद अध्यक्ष रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बता दें कि कई सरपंचों ने भी जनपद अध्यक्ष के खिलाफ रिश्वत की शिकायत की थी। अन्य सरपंच नाम गुप्त रखने की बात कह रहे थे, इसलिए कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। आज जब बलराम जाट की शिकायत पर कार्रवाई की गई, तो कई और सरपंच भी अब सामने आए हैं। जनपद अध्यक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी शुरूः बदनावर में बनाए गए 24 केंद



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम सोमवार से शुरू हो गया है। बदनावर तहसील के 24 स्थानों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की तुलाई हो रही है। सरकार ने 2125 रुपए क्विंटल गेंहू का मूल्य निर्धारित किया है।

यहां मार्केटिंग सोसाइटी में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मनोज सोमानी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह देवड़ा, सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश होती, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री शिवरामसिंह रघुवंशी, खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर संस्था के राजेश पाठक, जुबेर कुरेशी, महेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। केंद्र पर आए किसान का स्वागत कर मिठाई खिलाकर केंद्र में खरीदी की शुरुआत की गई।

इस मौके पर सोमानी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू होने से किसानों को अपनी उपज का निर्धारित दाम मिलना तय हो जाता है। सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं बनाई है। किसान बंधुओं से निवेदन है कि वे शासन की योजना का हमेशा लाभ उठाएं।

### 24 केंद्रों में शुरू हुई खरीदी,

जिला उपार्जन समिति के निर्णय अनुसार जिले में पंजीयन के आधार पर 76 केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें से 55 गोदाम, 9 साईलो केंद्र एवं 12 समिति स्तरीय केंद्र बनाए गए हैं। बदनावर में 24 केंद्र पर खरीदी हो रही है। बदनावर की सहकारी विपणन संस्था मर्यादित की खरीदी तिरुपति वेयर हाउस, बदनावर सेवा सहकारी संस्था की खरीदी जयंत वेयर हाउस चामुंडाखेड़ी, आदिम जाति सेवा समिति बखतगढ़ की खरीदी तिरुपति वेयर हॉउस बदनावर, आदिम जाति सेवा समिति नागदा की खरीदी नाहर वेयरहाउस नागदा, आदिम जाति सेवा समिति बिडवाल की खरीदी पाटीदार वेयरहाउस बिडवाल, आदिम जाति सेवा समिति संदला की खरीदी समर्थ वेयरहाउस भेंसोला, आदिम जाति सेवा समिति कानवन की खरीदी साइलो केंद्र सनोली, आदिम जाति सेवा समिति कड़ोदकला की खरीदी दरबार एग्रो वेयरहाउस, सेवा सहकारी समिति पलवाड़ा की खरीदी साइलो केंद्र सलोनी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कठोडिया की खरीदी ओम साईराम वेयरहाउस बोराली, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खिलेड़ी, सेवा सहकारी संस्था मनासा की खरीदी वंदना वेयरहाउस मनासा, सेवा सहकारी समिति घटगारा की खरीदी चावड़ाखेड़ी वेयरहाउस, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति काछीबड़ौदा की खरीदी शुभ वेयरहाउस मुलथान, सेवा सहकारी समिति कोद की खरीदी पटेल वेयरहाउस अमोदिया, सेवा सहकारी संस्था खाचरोदा की खरीदी शर्मा वेयरहाउस केसूर व सेवा सहकारी संस्था धारसीखेड़ा में शुरू हो गई है। सोमवार को पहले दिन केंद्र पर आए किसानों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया व उन्हें मिठाई खिलाई गई।

# आप जिसकी निंदा कर रहे है एक बार उससे जाकर मिलना जरूर कि क्या वो निंदा के लायक है भी की नही



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसी को हल्के में व छोटा मत समझो, यह समय का च्रक है कब किसी को पलट कर दे जिदंगी का भरोसा नही। इसलिए जब तक उस व्यक्ति से आप नही मिल लेते तब तक उसकी निंदा मत करना। उक्त उदगार सीहोर के अंतराष्टीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कोटेश्वर में आयोजित पंचपुष्प शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन व्यक्त किए।

आपने आगे कहा कि मंदार (आंकड़ा) का पौधा जहरीला हो गया जिसे पशु पक्षी भी नही खाते है। शमी कांटेदार होकर दोनों ही वृक्ष हो गए। जिस जगह पर मंदार और शमी का पौधा 21 वर्ष तक साथ रहेंगे उसकी जड में 33 कोटी देवी देवता विराजित रहेंगे और उस घर में अष्ट सिद्धी नव निधी की कमी नही होगीं गणेश जी कहते है कि मेरी आराधना करने वाले शमी व मंदार का पुष्प, दुर्वा के साथ जिस कामना से लाकर अर्पित करेंगे तो उनकी मनवांछित कामना पूर्ण करूगा।

मंदार में दो कलर के पुष्प होते है उनमें एक आसमानी व दूसरा सफेद। विषम परिस्थिती में फंस कर जब लगने लगे कि कुछ बुरा होने वाला है तब आसमानी फूल लाकर अशोक सुंदरी की जगह छुआ कर शिवजी को समर्पित करदे तो किसी भी प्रकार से अनिष्ट होने का भय नही रहेगा। शमी का फूल गलती से भी शिवजी समर्पित हो जाता है तो वह खडडे में नही गिरता है बल्कि उभर जाता है। शमी की एक पत्ती के अंदर से एक पत्ती तोडने पर उसमें भी बहुत सारी पत्तिया होती है। जो सोमवार की अष्टमी, प्रदोष, शिवरात्रि को एक शमी का पत्ता अर्पित करता है तो जितनी एक पत्ती में पत्तिया होती है, तो 84 लाख योनियों में उतनी योनियों में जन्म मृत्यु लोक में नही लेना पड़ते है।

पूंजी से किया पुण्य साथ जाएगा लेकिन पूंजी नही। जनसमुदाय आनंद की अनुभूमि प्राप्त कर रहा है। दुर्लभ है भगवान की कथा और मनुष्य का शरीर। आपने कितनी पूंजी कमाई है कोई मतलब नही। आपकी पूंजी से पुण्य कर लो क्योंकि मृत्यु उपरांत पूंजी साथ नही जाएगी। लेकिन पूंजी से किया हुआ पुण्य जरूर साथ जाएगा। जिस तरह बीमा कराने से कुछ लाभ बीमा एजेंट को प्राप्त होता है वैसे ही धार्मिक कार्य में सेवा देने वालों को भी मिलता है। देवताओं के दानियों में गिनती महादेव की होती है। शिव महापुराण कथा कहती है कि पूजा भक्ति के साथ भाव होना चाहिए। वरना लंकापति के पास सोने की लंका थी लेकिन नीयती साफ नही थी तो परिणाम स्वरूप सर्वनाश हो गया।

बेटी पिता को एवं बेटा माता को प्रिय होता है। मां को लडका प्रिय होता है। बेटी को थोडा सा भी दुख होता है तो पिता सबसे ज्यादा दुखी होता है। बेटी का माता के प्रति स्नेह होता है इसलिए बेटी का मायका कहलाता है। पुत्र एक कुल को सुधारता है जबकि बेटिया दो कुल सुधारती है। बेटियों को इतना ध्यान रखना चाहिए कि उनके माता पिता उन्हें उच्च शिक्षा व आजादी दे रहे है तो बेटी को भी अपने संस्कारों को ध्यान रखते हुए माता पिता को कन्यादान से वंचित मत करनां। भारत की भूमि की बेटिया हो तुम अपने माता पिता को नीचा दिखाना मत। बेटी मांबाप के कहने पर विवाह करे, अनुकूल चले, खूब दोस्ती हो पर संस्कारों से बंधे हो। अपनी बेटियों के प्रति जो आदर, सम्मान का भाव होता है वहीं संपूर्ण विश्व की बेटियों के प्रति भी चाहिए। लोग महिला दिवस मनाते है, पुरस्कार बांटते है, सम्मानित करते है लेकिन सही मायने में सर्वश्रेष्ठ महिला दिवस तब मनेगा जिस दिन भारत की बेटिया किसी भी रास्ते से आनंद के साथ निकले, किसी की गलत दृष्टि ना पडे।

सरकारी उचित मूल्य की जो दुकान होती है, जहां शक्कर, चावल, घासलेट मिलता है। महीने के अंदर एक से तीस तक दिया जाता है। मना नही करेंगे,महीना बीत जाने के बाद तुम कार्ड लेकर जाओगे तो कुछ नही मिलेगा क्योंकि महीना निकल चुका होता है उसी तरह बचपन,जवानी,बुढ़ापा निकल गया और अंत समय वैंकुठ धाम मांगोगे तो नही मिलेगा ये सब निर्धारित समय सिमा में किये गये कर्मो से ही मिलना है। संसार के किसी भी व्यक्ति में इतना सामर्थय नही है कि वह पूंजी लेकर अपने साथ वैकुठ में चले जाए। ना आप, ना हम और ना ही संसार का कोई व्यक्ति।

देवता दूसरो को खिलाते है, बांटकर खाते है और राक्षस स्वयं खाते है। हम दूसरों के लिए अच्छा मांगने का प्रयास करेंगे तो हमारा अपने आप अच्छा हो जाएगा।

वर्षा का समय आए तो एक बिल्वपत्र का पेड जरूर लगाए, ताकि जो भी इसकी छांव में जाएगा तो उसका पुण्य आपको मिलेगा। घर के बाहर सीधे हाथ पर एक छोटा सा शमी का पौधा लगाया जाए। प्रतिदिन देखकर निकलेगो तो सब कार्य सफल होंगे।शमी में शनि भी है, गणेश भी है और शिव भी है।

चौथे दिन कथा में ये रहे उपस्थि देपालपुर विधायक विशाल पटेल, खाचरोद विधायक दिलीप गुर्जर, पूर्व सांसद गजेन्द्रसिंह राजुखेडी, नपं अध्यक्ष मिना शेखर यादव,उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, प्रभा गोतम,कुलदिप बुंदेला, मनोज गोतम, कमलसिंह पटेल, जनपद उपाध्यक्ष ममता पाटीदार, पाटीदार समाज के प्रातिय अध्यक्ष कृष्णा पाटीदार आदि ने कथा में शामिल होकर आरती लाभ लिया। दो दिन में पांडाल 50 हजार वर्ग फीट बढाया।

### चौथे दिन श्रद्धालुओं की संख्या बडकर डेढ लाख पार

हो गई। चौथे दिन भी पांडाल बढाया गया।सोमवार को तापमान भी अधिक रहा, श्रद्धालू अपने अपने साधनों से हवा करते नजर आए। बढाये गये पांडाल के बाद भी लोग यंहा वंहा बैठकर कथा सुनते रहे। विनय ठाकुर की बाउंसर टीम द्वारा आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है जिसमें 60 सदस्यों के साथ महिला बाउंसरो द्वारा भी तेनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

# सम्पादकीय

## संसद की सार्थकता बनी रहे

संसद का बजट सत्र अभी चालू है जबकि आगामी वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पारित हो चुका है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि बजट पारित होने की औपचारिकता पूरी हो जाने के बाद बजट सत्र भी सोमवार या मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जायेगा। सवाल उठ रहा है कि क्या संसद के विभिन्न सत्रों का आयोजन अब केवल कोई औपचारिकता मात्र ही रह गई है क्योंकि भारत में संसद का सत्र साल में केवल 55 या 56 दिन ही हो पाता है। जबकि इससे पहले पिछले दशक तक यह मांग होती रहती थी कि संसद का सत्र साल में कम से कम एक सौ दिन जरूर होना चाहिए। मगर सरकारें बदलती रहीं संसद की बैठकें भी कम होती रहीं। भारत को दुनिया का संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र माना जाता है। इसका मतलब यही है कि हमारी जो संसदीय परंपराएं हैं वे इतनी स्वस्थ हैं कि संसद के भीतर हर विषय पर जमकर बहस-मुहाबिसा होता है। मगर हम देख रहे हैं कि ऐसा नहीं हो पा रहा है और संसद का अधिकतम समय शोर-शराबे में ही जाता है और संसद के सुचारू रूप से न चलने का दोष सत्तारूढ़ व विपक्ष एक-दूसरे पर मढ़ने से पीछे नहीं रहते। यह तरीका कहीं न कहीं संसदीय प्रणाली को भीतर से नुकसान पहुंचा रहा है और लोगों का विश्वास संसद के प्रति कम हो रहा है जो हमारे लोकतन्त्र के लिए बहुत हानिकारक है।लोकतन्त्र में संसद जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का सबसे ऊंचा सदन होता है और इसकी ताकत भी इस हद तक होती है कि इसे सार्वभौमिक कहा जाता है। मगर संसद की सार्वभौमिकता की रक्षा इसमें पहुंचने वाले सांसद ही करते हैं क्योंकि उन्हें देश के लिए कानून बनाने का अधिकार होता है मगर केवल कानून बनाना या विधेयक पारित करना ही संसद का काम नहीं है बल्कि देश की परिस्थितियों के साथ ही इसके आम लोगों के जीवन परिवर्तन लाना भी इसका परम कर्त्तव्य होता है। इस बारे में लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर का यह कथन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश स्तम्भ का काम करता रहेगा जो उन्होंने संसद व इसके सदस्यों के बारे में कहे थे। उन्होंने कहा था कि आने वाली पी?ढ़यां किसी संसद का आंकलन इस आधार पर नहीं करेंगी कि उसके सदस्यों ने कितने विधेयक पारित किये बल्कि इसके आधार पर करेंगी उन्होंने आम हिन्दोस्तानियों के जीवन में क्या-क्या सकारात्मक बदलाव किये। अतः भारत के सांसदों को स्व. मावलंकर के इन विचारों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उसके बाद खुद अपने आपसे ही सवाल करना चाहिए कि क्या वे अपने कर्त्तव्य की पवित्रता को निभा रहे हैं और जिन मतदाताओं ने उन्हें चुन कर भेजा है उनके साथ न्याय कर रहे हैं। सवाल किसी पक्ष का नहीं है क्योंकि संसद में पहुंचने के बाद हर पक्ष के सांसद के अधिकार बराबर होते हैं और सभी को सरकार से सीधे सवाल पूछने का अधिकार मिला होता है। मगर हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए इनके अध्यक्ष या सभापतियों की जो संवैधानिक व्यवस्था की उसके अन्तर्गत संसद के सदस्यों के अधिकारों के वे ही संरक्षक होते हैं। अतः उनका भी यह दायित्व बनता है कि संसद के भीतर हर प्रमुख मुद्दे पर रचनात्मक बहस का वातावरण बने। इस काम में अध्यक्ष का सहयोग करने की जिम्मेदारी प्राथमिक रूप से सत्तारूढ़ पक्ष पर इसीलिए डाली गई जिससे संसद की सार्थकता हर सूरत में बनी रहे। मगर अब जो वातावरण बन रहा है उसमें हर स्तर पर ढिलाई नजर आ रही है जो कि लोकतन्त्र के लिए ठीक नहीं कही जा सकती। यदि कल को जनता अपने सांसदों से यह पूछे कि बजट सत्र के दौरान उन्होंने क्या किया तो दोनों पक्षों के सांसदों को ही कहना पड़ेगा कि उन्होंने जमकर शोर-शराबा और नारेबाजी की। इसमें सबसे बड़ा खतरा संसद की गरिमा पर ही मंडराता है जिससे जनता का भरोसा डोलता है। इस भरोसे को किसी भी तरह से नहीं डोलना चाहिए क्योंकि जनता ही लोकतन्त्र की असली मालिक होती है और संसद में बैठने वाला हर सदस्य जनता का मालिक नहीं बल्कि सेवक होता है।संपादकीय ञ्भारत में नए अमेरिकी राजदूतजय माता दी...बजट भी पारित हो गया !महिला मुक्केबाजों का गोल्डन पंचफिर उठा 'ईवीएम' का सवालसरकार की आक्रामक कूटनीतिहर पांच साल बाद जनता चुनावों में इन्हीं सेवादारों को मजदूरी उनकी सेवा के अनुरूप देती है। यह बात संसद सदस्यों को हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए क्योंकि चुनावों में जनता पूरे पांच साल का हिसाब मांगती है। इसके साथ ही भारत का लोकतन्त्र केवल चुनावी औपचारिकता नहीं होती बल्कि हर कदम पर आम आदमी को सशक्त करने की प्रणाली होती है। इसी प्रणाली के तहत 75 सालों में हर भारतीय ने अपनी मेहनत से उस भारत को आज दुनिया के 20 औद्योगिक देशों की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है जिसमें 1947 के दौरान एक सुई तक का उत्पादन नहीं होता था। क्या यह कोई छोटी उपलब्धि है कि 1947 में जिस भारत का वार्षिक बजट मात्र 259 करोड़ रुपए का था आज 45 लाख करोड़ रु. से अधिक का है। यह सब कुछ हमने इसी संसदीय प्रणाली के तहत प्राप्त किया है। अतः संसद की सार्थकता बनाये रखने के लिए हर संसद सदस्य को अपने गिरेबान में झांक कर देखना होगा।

## मां कालरात्रि आज्ञा चक्र व सहस्रार चक्र के मध्य की शक्ति है, जो नकारात्मकता का नाश करने वाली हैं



नवरात्रि की सप्तमी तिथि के दिन देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि का पूजन -अर्चन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार माता कालरात्रि आज्ञा चक्र से सहस्रार चक्र के मध्य की शक्ति है, जो नकारात्मकता का नाश करने वाली हैं। कालरात्रि की जागृति से समस्त भय व बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। कालरात्रि देवी का स्वरूप साक्षात् काल के समान भयंकर है परंतु अपने भक्तों के लिए यह शुभ फल प्रदायिनी शुभंकरी होती हैं।

मां कालरात्रि मानव के भीतर विद्यमान सप्तम शक्ति केंद्र हैं। कालरात्रि मुख्यतः योगहृदय यानी आज्ञा चक्र का उच्चतम बल हैं। यह हिस्सा जागृत होने पर जीव जगत से परे हटने लगता है, जीवात्मा इस स्थूल शरीर से परे जाने के लिए प्रेरित होती है। मां कालरात्रि के जागरण से सहस्रार चक्र में हलचल होने लगती है और शाश्वत सत्य व ज्ञान के समस्त द्वार स्वयं ही खुलने लगते हैं।

**सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति में सहस्त्रार चक्र की भूमिका व विशेषता का वर्णन करते हुए कहा है कि,**

सहस्रार का सार समग्रीकरण है। सहस्रार में सारे चक्र अर्थात् सब देवी-देवताओं का समग्रीकरण है और आप इनके समग्रीकरण की अनुभूति कर सकते हैं, अर्थात् जब आपकी कुण्डलिनी सहस्रार में पहुँच जाती है तो आपका मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व भी इसी में विलय हो जाता है, आपकी कोई भी समस्या नहीं रहती । आपके व्यक्तित्व का पूर्ण समग्रीकरण आवश्यक है। ..इसके लिये सामर्थ्य अन्दर से आती है, आपकी आत्मा आपको बल प्रदान करती है, आप बस अपनी संकल्प शक्ति लगाते हैं कि 'हाँ मेरी आत्मा काम करे' और आप अपनी आत्मा के अनुसार कार्य करने लगते हैं, तो आप देखने लगते हैं कि आप किसी चीज़ के दास नहीं हैं, आप समर्थ हो जाते हैं, अर्थात् सम+अर्थ, अपने अर्थ के समतुल्य समर्थ का अर्थ शक्तिशाली व्यक्तित्व भी है, तो आप एक शक्तिशाली व्यक्तित्व बन जाते हैं। जिसमें कोई भी प्रलोभन नहीं होता, कोई भी असद् विचार नहीं होता, कोई पकड़ नहीं होती और कोई समस्या नहीं होती। आप ऐसी अवस्था में पहुँच जाते हैं जहाँ आप 'निरानन्द को पाते हैं, और यह निरानन्द आपको मिलता है जब आप पूर्णतया 'आत्मस्वरूप' बन जाते हैं। योग होने के बाद मनुष्य का मन सब चीजों से हटकर परमात्मा की ओर लग जाता है, सारी प्राथमिकतायें आपकी बदलकर आप दूसरे ही आदमी हो जाते हैं, उसी शान्ति में समाये रहते हैं जो आत्मा की देन है। आत्मा का जो स्वरुप है उस 'सत्य' को आप जान जाते हैं।

अतः इस नवरात्रि सहस्त्रार चक्र शक्तियों का साक्षात करने के लिए कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु www.sahajayoga.org.in और टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें

# चैत्र नवरात्रि दुर्गाष्टमी कब हैं, जानें पूजन विधि और मंत्र

चैत्र नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। इस दिन कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और अपनी भक्तों की मनोकामना पूरी करती है।

**आइए जानते हैं अष्टमी तिथि कब है और कन्या पूजन विधि।**

चैत्र नवरात्रि की दुर्गाष्टमी का अपना एक खास महत्व है। दुर्गाष्टमी और नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन करे इस दिन कन्या पूजन किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है। इस बार चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि 29 मार्च को है। इस इन कई लोग कन्या पूजन करके अपने व्रत का पारण करते हैं जबकि कुछ जातक नवमी तिथि के दिन तक व्रत करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि में कन्या पूजन करने से मां दुर्गा बहुत प्रसन्न होती है। साथ ही अपने भक्तों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है। इसलिए नवरात्रि में अष्टमी और नवमी किसी भी एक दिन कन्या पूजन जरूर करना चाहिए। आप चाहें तो दोनों दिन भी कन्या पूजन कर सकते हैं।

### चैत्र नवरात्रि अष्टमी तिथि

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि 29 मार्च को है। इस दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। अष्टमी तिथि का आरंभ 28 मार्च को शाम में 7 बजकर 3 मिनट से होगा और 29 मार्च को रात में 9 बजकर 8 मिनट तक अष्टमी तिथि रहेगी। 29 मार्च को दोपहर तक यदि आप कन्या पूजन करते हैं आपके लिए उत्तम रहेगा।

### चैत्र नवरात्रि कन्या पूजन विधि

दुर्गा अष्टमी या राम नवमी के दिन कन्या पूजन करते हैं तो इस दिन सबसे पहले उठकर पूजा स्थल की अच्छे से साफ सफाई करके मां दुर्गा की पूजा करें।

इसके बाद पूरे विधि विधान के साथ पूजा करें और फिर कन्याओं को अपने घर में आमंत्रित करें। माना जाता है कि 2 से 10 साल की कन्याओं को भोजन कराना उत्तम रहता है।

कन्याओं को पूरे आदर के साथ आसन पर बैठाएं। साफ जल से उनके पैर साफ करें और उनकी आरती उतारें। इसके बाद उन्हें पूरे हलवा और काले चने का भोजन दें।

कन्याओं का भोजन खत्म होने के बाद सभी कन्याओं को दक्षिणा देकर उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें। इसके बाद उन्हें विदा कर दें।

दुर्गा अष्टमी के 8 उपाय, हर संकट से बचाए

चैत्र हो या शारदीय नवरात्रि के दौरान महाअष्टमी यानी दुर्गा अष्टमी का दिन खास रहता है। इस दिन दुर्गा माता के 8वें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। यह बहुत ही शुभ दिन होता है जिसे अधिकतर घरों में मनाया जाता है। अधिकतर घरों में इसी दिन व्रत का पारण भी किया जाता है।

### आओ जानते हैं कि इस दिन कौन-से शुभ उपाय या कार्य किए जाते हैं।

दुर्गा अष्टमी कब है 7 29 मार्च 2023 बुधवार के दिन महा अष्टमी यानी दुर्गा अष्टमी का पूजन होगा।

### 1. हवन

कई लोगों के यहां सप्तमी, अष्टमी या नवमी के दिन व्रत का समापन होता है, तब अंतिम दिन हवन किया जाता है। अष?टमी के दिन हवन करना शुभ होता है।

### 2. कन्या भोज

जब व्रत के समापन पर उद्यापन किदुर्गा अष्टमी के 8 उपाय, हर संकट से बचाए

### 3. संधि पूजा

-इस दिन माता रानी की प्रात- आरती, दोपहर आरती, संध्या आरती और संधि आरती करते हैं। संधि आरती अष्टमी तिथि के समापन और नवमी के प्रारंभ के समय करते हैं।

### 4. लाल चुनरी

- माता को इस दिन लाल चुनरी अर्पित करना चाहिए। आप चाहें तो आरती और पूजा के दौरान इस दिन 5 प्रकार के सूखे मेवे लाल चुनरी में रखकर माता रानी को अर्पित करें।

### 5. लाल ध्वज

- देवी मंदिर में लाल रंग की ध्वजा अर्पित करें, चाहें तो मंदिर के गुंबद पर लगा सकते हैं।

### 6. देवी को लगाएं भोग

अष्टमी के दिन माता के मंदिर में जाकर लाल चुनरी में मखाने, बताशे के साथ सिक्के मिलाकर देवी को अर्पित करें। इसके साथ ही देवी को मालपुए और खीर का भोग लगाएं।

### 7. शनि मुक्ति के लिए करें

पूजा अष्टमी और नवमी तिथि पर शनि का भी प्रभाव रहता है। इस दिन माता की अच्छे से आराधना करने से शनि के प्रभाव से माता रक्षा करती हैं।

### 8. सुहागिनों के दें 16 श्रृंगार का सामान

16 श्रृंगार इस दिन सुहागिन स्त्री को चांदी की बिछिया, कुमकुम से भरी चांदी की डिबिया, पायल, अम्बे माता का चांदी का सिक्का और अन्य श्रृंगार की सामग्री भेंट करें।या जाता है तब कन्या भोज कराया जाता है। अष?टमी पर 9 कन्याओं को भोजन कराने के बाद छोटी कन्याओं को छोटे-छोटे पर्स में दक्षिणा रखकर लाल रंग के किसी भी गिफ्ट के साथ भेंट करें।

## 28 मार्च 2023, मंगलवार का दैनिक राशिफल- किस्मत के मामले में आज किसके चमकेंगे सितारे, पढ़ें 12 राशियां

धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

### मेष राशि

आज का भविष्य - स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**उपाय -- घर/व्यापारस्थल पर मंगल यंत्र स्थापित करके पूजा करने से नौकरी/बिज़नेस में तरक्की मिलेगी**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-सफेद**

### वृषभ राशि

आज का भविष्य - डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें।

**उपाय -- पारिवारिक खुशियों की प्राप्ति के लिए अपने पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए.**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-लाल**

### मिथुन राशि

आज का भविष्य - कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**उपाय -- नरसिंह चालीसा व आरती पढ़ने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-4**
**शुभ रंग-क्रीम**

### कर्क राशि

आज का भविष्य - तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

**उपाय -- आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए गेहूँ के 11 दाने सूर्योदय के समय खाएं.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-हरा**

### सिंह राशि

आज का भविष्य - चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच?छा व्यतीत होगा।

**उपाय -- सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-सिल्वर**

### कन्या राशि

आज का भविष्य - किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**उपाय -- सफेद संगमरमरी पत्थर पर सफेद चन्दन लगाकर जल प्रवाहित करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-पीला**

### तुला राशि

आज का भविष्य - स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

**उपाय -- मीठे चावल बनाकर गरीबों में बाँटने से आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी.**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-नीला**

### वृश्चिक राशि

आज का भविष्य - रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**उपाय -- गर्लफ्रेंड/बॉयफ्रेंड से मिलने जाने से पहले घर से चीनी खाकर निकलना लव लाइफ के लिए लाभकारी है.**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-आसमानी**

### धनु राशि

आज का भविष्य - विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**उपाय -- त्रिफला का सेवन किसी भी रूप में करने से स्वास्थ्य अच्छा होगा.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-आरेंज**

### मकर राशि

आज का भविष्य - मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**उपाय -- पारिवारिक जीवन की सुख शांति हेतु चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा डालकर अपने बेडरूम में रखें.**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-कत्थई**

### कुंभ राशि

आज का भविष्य - भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच?छा समय बीतेगा।

**उपाय -- गरीब छात्रों की पढ़ाई में सहायता करने से बुध ग्रह प्रसन्न होगा व प्रेम सम्बन्ध अच्छे रहेंगे**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-पीच**

### मीन राशि

आज का भविष्य - यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

**उपाय -- पॉवों के दोनों अंगूठों पर काला व सफेद धागा मिलाकर बाँधने से स्वास्थ्य में सुधार होगा.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग- क्रीम**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# भारतीय जनता पार्टी कैंट विधानसभा जलंधर के मंडल 15 के अध्यक्ष डॉ,राहुल जमवाल की मंडल कार्यकारिणी विस्तार से कैंट में पार्टी हुई मजबूत



**जालंधर /पंजाब/चंद्रकांत सी पूजारी /जीएनएस।**आज भारतीय जनता पार्टी मंडल 15 के अध्यक्ष डॉ राहुल जमवाल ने अपनी मंडल कार्यकारिणी का विस्तार ज़िला प्रभारी पुष्पिंदर सिंगल की अगुवाई में किया।

मंडल कार्यकारिणी में मंडल महामंत्री के पद पर अतुल अरोड़ा और विनोद धीर,मंडल उपाध्यक्ष के पद पर मोहित त्रेहन, विशाल सूरी, वरिंदर सिंह करवल,मनीषा जिंदल,नरिंदर सिंह लाटी,संतोष शर्मा,सचिव के पद पर संजीव दत्ता,फूल चंद,सुशील चौहान,रितु वर्मा,आनंद शर्मा,सर्दुल सिंह,कैशियर सुरेश बुद्धिराजा, कार्यकारी सदस्यों में अश्वनी वर्मा,बलदेव गुप्ता, चन्दन चुघ, हरप्रीत सिंह वालिआ, तिलकराज सहगल, दमनजीत सिंह,अमनपाल सिंह, रितेश कुमार झा, अनिल तिवारी,ब्रह्म सूरी, राजिंदर कुमार भारती,कमल नागपाल,अमिताभ मक्कड़,अमन शर्मा, अश्वनी गुप्ता,सतीश आनंद, अरुण भंडारी,विक्रम सिंह करवल, प्रेम लता, स्वीटी शर्मा इत्यादि को नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री अमरजीत सिंह गोल्डी,राजेश कपूर और अशोक सरीन हिक्की उपस्थित थे।पुष्पिंदर सिंगल ने सभी नव नियुक्त मंडल पदाधिकारियों को मुबारकबाद दी।ज़िला महामंत्री अमरजीत सिंह गोल्डी ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।मंडल 15 की कार्यकारिणी विस्तार से कैंट में भाजपा के बढ़ते हुए जनादर ने पार्टी को बहुत मजबूत कर दिया है।उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी जलांधर लोकसभा के उपचुनाव में बहुत बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी। डॉ राहुल जमवाल ने कहा कि इस विस्तार में संगठन की मजबूती पर ज़ोर देते हुए सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के बाद ही कार्यकारिणी की घोषणा की गई।उन्होंने अपने मंडल के सभी पदाधिकारियों से कहा कि आगामी लोक सभा बाई इलेक्शन के चुनावों को देखते हुए सभी पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में मजबूती और सक्रियता से काम करें।उन्होंने सभी को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी एवं जन हितैषी योजनाओं को घर-घर पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष दविंदर कालिया,गुरिंदर सिंह लांबा, भूपिंदर कुमार,दर्शन भगत,अश्वनी भंडारी, मुनीश विज,भाजपा ज़िला सचिव अजय चोपड़ा,शाम शर्मा अमित भाटिया,ज़िला केशियर हितेश स्याल ,ज़िला प्रवक्ता ब्रजेश शर्मा ,मंडल प्रधान राजेश कुमार मल्होत्रा,कुलवंत शर्मा,गुरप्रीत सिंह विक्की,संदीप कुमार,अमृतपाल सिंह संघा,कुणाल शर्मा,शिव दर्शन अब्बी,राहुल जामवाल,रमेश सचदेवा,अजय ठाकुर,अनिल ठाकुर,हसन सोनी आदि मौजूद थे।

# सामाजिक-चिंतन:-नारियां अब पुरुषों की परछाई नहीं पारिवारिक समाज का आधार स्तंभ

**(महिलाओं के प्रति अवधारणा बदलने की आवश्यकता)**

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैद्य वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है।



संजीव ठाकुर

महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्टपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्टपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी।

**भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।**

# अपनी मांगों के लिए सड़क पर उतरी आंगनवाडी कार्यकर्ता

## - हजारों कार्यकर्ताएं उतरी सड़क पर, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले 15 मार्च से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिन्होंने सोमवार को रैली निकाली जिसमें हजारों कार्यकर्ताएं अपनी मांगों के समर्थन में सड़क पर उतरी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती हड़ताल जारी रहेगी।

15 मार्च से सम्मानपूर्वक वेतन, नियमितिकरण, रिटायरमेंट के वक्त 3 लाख कार्यकर्ता व 2 लाख सहायिका को प्रदान किए जाने, नियमितीकरण न होने तक 18 हजार, एक्सीडेंटल बीमा दिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिन्होंने सोमवार को एबी रोड स्थित एक निजी गार्डन पर एकत्रित होकर रैली निकाली जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई मां राजराजेश्वरी मंदिर पर संपन्न हुई। जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुनील जायसवाल को सौंपा। जिसमें मांगों का उल्लेख करते हुए हड़ताल जारी रखने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हमारी हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान संघ की जिलाध्यक्ष कामिनी सिंह, आशा गुर्जर, चंदा सोनी, प्रीति मिश्रा सहित जिले भर की हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### हड़ताल से प्रभावित हो रहे काम

इन दिनों प्रदेश सरकार की महती लाड़ली बहना योजना लागू की गई है। जिसमें महिलाओं के आवेदन भरवाने की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई थी। लेकिन सभी कार्यकर्ताओं के हड़ताल पर जाने से इस काम में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते काम नहीं हो पा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमारी मांगे पूरी होते ही हम हड़ताल समाप्त कर देंगे और काम पर लौट आएंगे।

### हजारों कार्यकर्ता हुई शामिल

कभी थाली, ताली, कभी हड़ताल तो कभी धरना देकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार को जिले भर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं सोमवार को शहर पहुंची और नारेबाजी करते हुए पूरे शहर का चक्कर लगाकर शासन को अपनी मांगों के बारे में जानकारी देते हुए इनके निराकरण की मांग की।

# भौंरासा में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन पत्र भरना हुए शुरू

## लाडली बहना योजना के आवेदनों को लेकर घर घर पहुंच रहे हैं नगर परिषद के कर्मचारी




**भोरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में 25 मार्च से सशक्त नारी सशक्त प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत 25 मार्च से देवास जिले में आवेदन पत्र भरने की शुरुआत हुई तो वही प्रथम दिन साइड नहीं चलने के कारण कुछ ज्यादा फार्म नहीं भरा सके महिलाएं उत्साह पूर्वक योजना में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर रही हैं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त स्वावलंबी बनाने हेतु एक महत्वकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी देवास जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में एवं नगरी क्षेत्र के वार्डो में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं इसी के चलते भोरासा नगर में भी नगर परिषद के कर्मचारी गण नगर में लाडली बहना योजना के आवेदनों को लेने घर घर पहुंच रहे हैं नगर परिषद के कर्मचारी नगर के वार्डों में घर घर पहुंच कर लाडली बहना योजना के फार्म जमा करवा रहे हैं व उन्हें एक पावती भी दी जा रही हैं ।

# शराब पीने से रोका तो किया हमला

## - शराबियों ने पटवारी के सिर पर फोड़ी बोतल, आई गंभीर चोटें

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में एक पटवारी को शराब पीने की मना करना भारी पड़ गया। मना करने पर शराबियों ने हमला बोल दिया जिससे पटवारी के सिर और नाक पर गंभीर चोट आई है। शाम के समय पटवारी अजय मालवीय अपने हल्के मोलटा गांव से काम कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान बमोरी में अपने खेत के पास कुछ लोगों को शराब पीते देखा तो उन्होंने विरोध करते हुए वहां शराब पीने से मना किया।

पटवारी द्वारा मना करने पर वहां बैठे शराबियों में से एक ने बीयर की बोतल सिर पर मार दी। बोतल से पटवारी की नाक और सिर पर गंभीर चोटें आई। पटवारी वहां से सीधे कोतवाली थाने पहुंचे। पुलिस पटवारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लेकर आई, जहां उपचार जारी है। पटवारी मालवीय ने बताया दो कार में सवार होकर मेरे खेत के पास 8-10 व्यक्ति आएं और शराब पीने लगे। मना करने पर बोतल से हमला बोल दिया। कोतवाली पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नवरात्रि में फलाहारी खिचड़ी का किया वितरण

## राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा द्वारा संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जॉय शर्मा का जन्मदिन दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर पर मनाया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सवा क्विंटल फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया। मनाया गया । इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष गौरव सोनी, जिला मंत्री ललित कुंभकार, तहसील अध्यक्ष गौरव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रीतेश शर्मा, संघ पदाधिकारी कपिल शिंदे, संजय सोनी, महेश पाटीदार, आशीष जोशी, लोकेंद्र शर्मा, हर्षवर्धनसिंह तोमर, अजय शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पाटीदार बेरोजगार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री चंद्रिकाप्रसाद द्विवेदी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की सहमति और अनुमोदन से शहर के कर्मठ कार्यकर्ता विजेंद्र पाटीदार को कांग्रेस के बेरोजगारी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्रसिंह बंटी बना, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मटोलिया, कमरूद्दीन मेव, सोहेल खान, आजाद मंसूरी, दिनेश नायक, गोविंद शर्मा, महेश बराड़ा, शादाब खान, विनीत वाजपेयी, नीरज वैष्णव, आशुतोष शर्मा, सतीश पाटीदार, राजेश पारछे, मूसा आजम खान ने श्री पाटीदार के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# देवास जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य 28 से 31 मार्च तक रहेगा स्थगित

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 28 से 31 मार्च तक गेहूं उपार्जन कार्य स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि मप्र खाद्य विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में विगत सप्ताह गेहूं की खड़ी फसल पर असामयिक वर्षा के कारण गेहूं में नमी की मात्रा बड़ जाने से इन्दौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर नमीयुक्त अमानक गेहूं विक्रय हेतु पहुंच रहा है, जिसके फलस्वरूप उपार्जन केन्द्रों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता के गेहूं की खरीदी संभव नहीं हो पा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसानों को अपनी गेहूं को सुखाकर निर्धारित नमी मात्रा अनुसार गेहूं विक्रय करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से उक्त संभागों में 28 से 31 मार्च तक गेहूं उपार्जन कार्य स्थगित किया गया है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों द्वारा उक्त अवधि में गेहूं विक्रय हेतु किए गए स्लॉट बुकिंग को निरस्त किया जाता है, कृषक द्वारा सुविधा अनुसार पुनः स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# सभी कार्यालय प्रमुख कार्यालयों का निरीक्षण करें

## - कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं स्वयं के कार्यालय का निरीक्षण कर लेखा कार्य का भी अवलोकन करें। एक ही शाखा में कार्य करने वाले लिपिकों के कार्य बदलें।



उक्त निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। उन्होंने विगत दिनों उज्जैन के जेल कार्यालय में हुई आर्थिक अनियमितता को दृष्टिगत रखते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने कार्यालयों का लेखा परीक्षण करें। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को दिये गये भुगतान को वेरीफाय भी करें। कलेक्टर ने कहा कि कोषालय द्वारा दिये गये आईडी पासवर्ड का स्वयं उपयोग करें, अधिनस्थ स्टॉफ को नहीं दें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्राप्त किये जा रहे आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल काम नहीं करने पर आफलाइन आवेदन प्राप्त करें। साथ ही कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए सेक्टर एवं नोडल अधिकारी फील्ड में जाकर कार्य में प्रगति लाएं। सभी केन्द्रों पर फ्लैक्स लगाएं कि समग्र, आधार लिंक एवं ईकेवायसी कामन सर्विस सेंटर और कियोस्क सेंटर पर निःशुल्क होगा, ई-केवायसी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर भी कराया जा सकता है एवं आवेदक स्वयं भी समग्र पोर्टल पर जाकर समग्र को आधार से लिंक कर सकता है। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना केवल महिला एवं बाल विकास विभाग की नहीं है, बल्कि सरकार की फ्लेगशिप योजना है। सभी विभागों को इस योजना के क्रियान्वयन के लिए काम करना होगा। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी को कलेक्टर ने निर्देश दिये कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन करें। इस अवसर पर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हैल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायत कोई भी कार्यालय लंबित नहीं रखें। अन्य अधिकारियों को भी कलेक्टर ने निर्देशित किया।

# मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंदसौर जिले के लिये समन्वय समिति की घोषणा की

**मंदसौर/दैनिक मालव हेराल्ड।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मंदसौर जिले के लिये समन्वय समिति का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक जिले में संगठन गतिविधियो एवं महत्वपूर्ण फैसलो के लिये समितियो का गठन किया गया है इसी कडी में मंदसौर जिले के लिये बनी समिति में मंदसौर जिले के सभी पूर्व जनप्रतिनिधियो के साथ, संगठन के महत्वपूर्ण पदो पर रहे या मौजुद पदाधिकारियो को स्थान दिया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन ने समन्वय समिति की जानकारी देते हुये बताया कि इस समिति में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के अलावा मंदसौर जिला प्रभारी मुजीब कुरेशी, सह प्रभारी श्री मयंक जाट, पूर्व सांसद एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मीनाक्षीजी नटराजन, पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रत्याशी गरोठ विधानसभा सुभाष सोजतिया, पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रत्याशी मंदसौर विधानसभा नरेन्द्र नाहटा, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवकृष्ण पाटील, पूर्व विधायक सुवासरा पुष्पा भारतीय, पूर्व विधायक सुवासरा (तत्कालिन समय में सीतामऊ) भारतसिंह दीपाखेडा, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी, मल्हारगढ विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसोदिया, राकेश पाटीदार, प्रकाश रातडिया को स्थान दिया गया है।

संगठन के महत्वपूर्ण मोर्चा एवं विभागो के अध्यक्षो जिसमें महिला कांग्रेस जिलाध्यक्षरूपल संचेती, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल, सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप देवडा, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष सुनिल बसेर, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ब्रदीलाल धाकड, अजा विभाग अध्यक्ष संदीप सलोद, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष यूनूस मेव एवं पिछडा वर्ग विभाग जिलाध्यक्ष दीपकसिंह चौहान को भी समन्वयक समिति में रखा गया है।

# एसडीएम को भी मौके का अवलोकन करना चाहिए

## कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा की

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने टीएल बैठक से पूर्व राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुखूयमंत्री नगरीय भू-अधिकार (धारणाधिकार) योजना के सम्बंध में सभी एसडीएम से कहा कि मौके पर जाकर संबंधित भूमि का अवलोकन करना चाहिए। पट्टे देने का आधार ढूंढे जाने चाहिए। शासन की मंशा के अनुसार गरीबों को मकान के लिए पट्टे दिए जाने है। केवल तकनीकी आधार प्रकरण निरस्त नही करना उचित नहीं है। लंबित आवेदनों की जांच गंभीरता से करे, किसी अन्य पर डिपेंडेंसी न रखें एसडीएम भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में नामान्तरण, सीमांकन और बंटवारे के प्रकरणों की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने इन प्रकरणों को समय सीमा निराकरण नही होने पर लोक सेवा अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, केके मालवीय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिराली जैन, खरगोन व कसरावद एसडीएम सभाकक्ष में उपस्थित रहे जबकि तहसीलदार और नायब तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व वसूली, राजस्व प्रकरण, जाति प्रमाण पत्र, सीएम हेल्पलाईन, मुख्यमंत्री भुअधिकार योजना फेज-3, स्वामित्व योजना ग्राउंड ट्रुथिंग आदि की समीक्षा की गई।

# जल जीवन मिशन के गुणवत्ताविहीन कार्यो की होगी जांच

## मुख्यमंत्री ने की वीसी के माध्यम से समीक्षा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए कार्यो की समीक्षा की। खरगोन जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत हुए कार्यो के सम्बंध में उन्होंने गुणवत्ताविहीन योजनाओं की जांच करने के निर्देश कमिशनर ड़ॉ. पवन शर्मा और कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा को दिए। वीसी के माध्यम से कलेक्टर श्री वर्मा ने स्वीकृत योजनाओं, कार्यो की गुणवत्ता, रोड रेस्टोरेशन, पानी की उपलब्धता तथा कार्य की संतुष्टि के संबंध में जानकारी दी। मुखूयमंत्री श्री चौहान कार्यो की जाँच के अलावा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के भी निर्देश दिए। इंदौर कमिशनर ड़ॉ. शर्मा ने कहा कि सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए अधीक्षण यंत्री श्री डीएल सूर्यवंशी खरगोन में ही कैम्प कर कार्य देखेंगे। वीसी में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, सभी एसडीओ, ठेकेदार और जल निगम की मैनेजर त्रिवेणी हुडे उपस्थित रहे।

### जिले में कुल स्वीकृत 766 योजनाएं

जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले की योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्रीमती नीरू पचौरी ने बताया कि 766 स्वीकृत योजनाओं में 207 पूर्ण हुई है। जबकि 482 में कार्य प्रगतिरत है। अब तक हुए कार्यो में 366 किमी. रोड़ रेस्टोरेशन में 28 किमी. में रोड रेस्टोरेशन बाकी है।

### बरसात से पूर्व जितना कार्य कर सके उतना ही खोदे

वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अभी बरसात आने वाली है। इसलिए सड़के या खुदाई का कार्य उतना ही करें जितना कार्य किया जा सकें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य भी सबसे बेहतर करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नागरिको की सुविधा का ख्याल पर करना जरूरी है।

### 15 दिनों में खरगोन सेगांव जनपद की योजना प्रस्तुत करेंगे

वीसी से पूर्व कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने पीएचई के एसडीओ श्री एसआर सोलंकी और जनपद सीईओ श्री राजेन्द्र शर्मा से खरगोन और सेगांव जनपद में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 15 दिन में योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इन जनपदों के गांवो में पानी के सौर्स सूखने की समस्या आयी है। अभी हाल ही में पीएचई विभाग द्वारा 8 गांवो में ट्यूबवेल खोदे गए है। बाकी के 30 गांवो में भी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश है।

# हर विभाग की पुरानी शिकायतों के निराकरण के लिए समिति जांच करेगी

## हर विभाग की पुरानी शिकायतों के निराकरण के लिए समिति जांच करेगी

### समयावधि पत्रों की समिक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने जिले में 100 दिन से अधिक शिकायतों के निराकरण के लिए समिति का गठन करने के निर्देश दिए है। यह समिति विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में शिकायतों का अवलोकन करेगी। इससे पहले विभागों के जिला अधिकारी लंबित शिकायतों की सूची प्रस्तुत करेंगे। अभी वर्तमान में 1787 शिकायतें 100 दिन से अधिक में लंबित है। ये शिकायतें मुख्य रूप से एनवीडीए की 200 से अधिक, शिक्षा, श्रम, नगरीय विकास, राजस्व व अन्य विभागों की 100 से अधिक लंबित है। कलेक्टर श्री वर्मा ने टीएल बैठक में कई विभागों की लंम्बित शिकायतों की गहन जानकारी ली। इसमें स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान कार्ड को लेकर लंम्बित शिकायतों के बारे में विस्तार से समीक्षा की। टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, केके मालवीया, कसरावद व खरगोन के एसडीएम सहित जिला अधिकारी सभाकक्ष में तथा जनपद स्तरीय अमला वीसी के माध्यम से जुड़ा।

### एमपीऑनलाइन को ई-केवायसी करना ही होगा

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने मुखूयमंत्री लाड़ली बहना योजना के सम्बंध में ने समीक्षा की। 25 मार्च से प्रारम्भ हुए शिविरों में अब तक (26 मार्च) 7155 आवेदन भरे गए है। आवेदन भरने के साथ-साथ ई-केवायसी करना जरूरी है। यह कार्य मुख्य रूप से एमपीऑनलाइन द्वारा किया जाना है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जनपद सीईओ तथा नियुक्त किये गए सुपरवायजरो को निर्देशित क़िया। उन्होंने कहा कि आवेदन भरने के साथ ही ई-केवायसी का कार्य लगातार करना है। सम्भव हो तो शिविर के पास ही ई-केवायसी कराएं या गांव में ही यह कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने लाड़ली बहना योजना के कार्य की निगरानी के लिए जिला अधिकारियों को ब्लॉकवार नियुक्त किया है। टीएल बैठक में ब्लॉकवार जिला अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में आवेदन भरने में अब तक आयी छोटी-मोटी समस्याओ के निराकरण पर भी चर्चा की गई।

### जनअभियान और जनसेवा मित्र महिलाओं को करेंगे प्रशिक्षित

लाड़ली बहना योजना में आवेदन करना प्रारम्भ हो गया है लेकिन अभी भी जिले में कई महिलाओं का समग्र ई-केवायसी होना बाकी है। शिविरों में आवेदन भरने के साथ-साथ ई-केवायसी का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जनपदों और नगरीय निकायों में जनअभियान परिषद की नवांकुर समिति के सदस्य तथा जनसेवा मित्रों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से ई-केवायसी करना सिखाया जाएगा। इसके अलावा अन्य समितियों के सदस्य भी मोबाइल के माध्यम से प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए है।



### नवग्रह मंदिर की संस्था ने तैयार की डीपीआर

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा 14 दिसम्बर को की गई घोषणाओं के सम्बंध में जानकारी ली। नगर पालिका सीएमओ श्रीमती प्रियंका पटेल ने बताया कि नियुक्त संस्था द्वारा डीपीआर प्रस्तुत की गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जल्द ही नगर के प्रमुख एसोसिएशन, व्यापारी संगठन आदि के सुझाव लेने के लिए बैठक करने के निर्देश दिए। बिंजलवाड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना में 65 मशीनों ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इस कार्य को जून तक पूर्ण करने की समस्य सीमा दी गई है। बिस्टान परियोजना के सम्बंध में दल तकनीकी रिपोर्ट देंगे।

# जनजाति समाज का समान विकास समावेशी समाज का आधार : राज्यपाल श्री पटेल

## विशेष पिछड़ी जनजाति समूह विकास पर केन्द्रित योजना तैयार की जाए >>राज्यपाल श्री पटेल की जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा




**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजाति समाज का समान विकास समावेशी समाज का आधार है। शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं की उपलब्धता अन्य क्षेत्रों के समान जनजाति बहुल क्षेत्रों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजाति कार्य विभाग को विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लिए बेहतर स्वास्थ, शिक्षा और जीवन स्तर को ऊपर उठाने के प्रयासों पर और अधिक फोकस करना चाहिए। इस संबंध में केन्द्र सरकार के समक्ष विशेष प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उनके समक्ष आयुक्त जनजाति कार्य और स्वास्थ विभाग द्वारा संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारियों का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के सभी 52 जिलों का भ्रमण किया है। जनजाति बहुल क्षेत्र में सरकार की योजनाओं, जन-कल्याण के कार्यक्रमों और जनसुविधा के कार्यों का और बेहतर क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसके लिये जनजाति कार्य विभाग विशेष पहल करे। उन्होंने कहा कि विभाग स्वीकृत बजट से अधिक राशि व्यय के लक्ष्य के साथ कार्य करे। राशि के उपयोग की त्रैमासिक समीक्षा की जाये। उन्होंने जनजाति प्रकोष्ठ को इस संबंध में सभी संबंधित विभागों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया।

जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर ने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में स्कूलों में ड्राप आऊट की स्थिति की जानकारी ली जाए। ड्राप आऊट के कारणों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये। ड्राप आऊट को कम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए और अपेक्षाकृत परिणाम नहीं देने वालों का मार्गदर्शन किया जाए। जनजाति समुदाय के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार के प्रयासों में जनजाति बच्चों एवं युवाओं को मार्गदर्शन देने की पहल की जाए। विभाग द्वारा निर्माण कार्यों की गति को और अधिक बढ़ाया जाये। इससे केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का अधिकतम उपयोग किया जा सकेगा।

प्रमुख सचिव जनजाति कार्य श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जनजाति समुदाय के बच्चों को कोचिंग देने की आकांक्षा योजना को बड़े स्वरूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विशेष परियोजना वित्त पोषण योजना में मूलभूत सुविधाओं के लिए 2 करोड़ रूपये तक का अनुदान देने की नई योजना के तहत 8 परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती की कार्यवाही तीव्र गति से प्रचलित है। आगामी शिक्षा सत्र से पूर्व प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों के सभी पदों पर नियुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, आयुक्त जनजाति कार्य श्री संजीव सिंह, राज्यपाल के उपसचिव श्री स्वरोचिष सोमवंशी, संचालक जनजाति क्षेत्र विकास योजना सुश्री सोनिया मीना, अपर आयुक्त जनजाति कार्य श्री के.जी. तिवारी, उपसचिव जनजाति कार्य श्रीमती दिशा नागवंशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# योग आधारित सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए अनुपम सौगात- मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री, परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी के इंदौर कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर जी भौतिकता में दग्ध मानवता को न केवल भारत अपितु वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन और सम्बल उपलब्ध करा रहे हैं। वे सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ के समान हैं। पूज्य गुरूदेव द्वारा वैज्ञानिक आधार पर विकसित योग की सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए बड़ी सौगात है। इससे हम शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सबल बन सकते हैं। इंदौर नगर निगम द्वारा ÷स्वच्छ इंदौर-स्वस्थ इंदौर÷ के लिए शुरू योग मित्र अभियान अनुपम पहल है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान श्री श्री रविशंकर के सान्निध्य में इंदौर में आयोजित योग मित्र तथा महारूद्र पूजा कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने श्री श्री रविशंकर द्वारा आयोजन को सान्निध्य प्रदान करने के लिए उनका आभार माना। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान के संबोधन के बाद बाल योग मित्रों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच योग पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

पूर्व मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर देश का स्वच्छतम नगर होने के साथ संस्कार और संस्कृति का भी केंद्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं इंदौर के स्वाद की सराहना की है। विधायक श्रीमती मालिनी गौड, महापौर इंदौर श्री पुष्यमित्र भार्गव तथा जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।



उन्हेंल /दैनिक मालवा हेराल्ड। नायाब तहसीलदार नवीन छत्रोले ने ख़रीदी केन्द्रों का दोरा कर किसानो कि समस्याओं का निराकरण किया।

# उज्जैन जिले में 6 अप्रैल को होगा होजयरी गारमेंट इकाई का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री श्री चौहान से निवेशकों ने भेंट



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से आज मंत्रालय में विभिन्न निवेशकों ने भेंट कर निवेश प्रस्तावों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवेशकों को राज्य शासन की ओर से पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान को मेसर्स वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के फाउंडर चेयरमेन श्री आर.के. जयपुरिया ने बताया कि संस्थान द्वारा जबलपुर जिले के उमरिया डुंगरिया में 210 करोड़ रूपये के निवेश से कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक और फ्रूट जूस निर्माण इकाई लगाने की तैयारी है। इससे करीब 350 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस इकाई को लगाने के लिए पूरी मदद की जाएगी। श्री जयपुरिया ने सामाजिक क्षेत्र में औद्योगिक संस्थान द्वारा सहयोग देने की मंशा से भी अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान को आईनॉक्स एयर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन और श्री अनिल खमसेरा ने जानकारी दी कि नर्मदापुरम जिले के माखननगर-मुहासा-बाबई औद्योगिक क्षेत्र में ऑक्सीजन संयंत्र के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को संयंत्र के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश कई क्षेत्रों में आत्म-निर्भर है। कोरोना काल में ऑक्सीजन की व्यवस्था के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर होना पड़ा था। ईश्वर न करे ऐसी विपदा फिर आए, लेकिन संयंत्र तो आवश्यक है। शासन द्वारा संस्थान को संयंत्र के संचालन संबंधी सहयोग भी मिलेगा।

श्री सिद्धार्थ जैन ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को जानकारी दी कि 125 करोड़ की लागत से प्योर क्रायोजेनिक चिकित्सकीय ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की पहल की गई है। आगामी माह से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान से आज मेसर्स बेस्ट लाइफ स्टाइल एपैरल प्राइवेट लिमिटेड के श्री एस शेषाद्री और श्री धीरेन मलानी ने भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा उज्जैन जिले के ग्राम नागझिरी में 80 करोड़ रूपये के निवेश से होजियरी गारमेंट्स निर्माण की इकाई स्थापित की गई है, जिससे करीब 4 हजार व्यक्तियों विशेष कर महिलाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान से आगामी 6 अप्रैल को इकाई के शुभारंभ के लिए संस्थान द्वारा अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संस्थान के पदाधिकारियों को शीघ्र प्रक्रिया पूरी कर स्थापित की गई इकाई के लिए बधाई दी और आवश्यक सहयोग के लिए आश्वस्त किया। संस्थान द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री मित्रा योजना में भी नवीन निवेश प्रस्तावित है। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग श्री मनीष सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव श्री विवेक पोरवाल उपस्थित थे।

# विकास और जन-कल्याण गतिविधियों के क्रियान्वयन तथा प्रभावशीलता की निगरानी में जन-भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक : मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना, अमृत सरोवरों के निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विकास और जन-कल्याण की गतिविधियों के क्रियान्वयन तथा प्रभावशीलता की निगरानी में जन-भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसमें जन-प्रतिनिधियों को भी अपना दायित्व निभाना होगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए राज्य तथा जिला स्तर पर गठित दिशा समितियों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल, सांसद डॉ. के.पी.एस. यादव, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उपलब्ध बजट पर ही सड़क निर्माण आरंभ करें, अधूरी सड़कों से लोगों को परेशानी न हो

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा में सृजित मानव दिवसों की संख्या में वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किए जाएँ। सामुदायिक कार्यों के क्रियान्वयन तथा भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रयास यह हो कि शत-प्रतिशत भुगतान आधार आधारित हो। सड़क निर्माण के कार्य बजट उपलब्धता के आधार पर ही आरंभ किए जाएँ। यह सुनिश्चित करें कि जो सड़क निर्माण आरंभ हों, उसे अधूरा न छोड़ा जाए, अधूरी सड़कों के कारण लोगों को परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों तक सड़कों का विस्तार करना हमारा लक्ष्य है। इसी उद्देश्य से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सड़क निर्माण की योजना है। सूखे क्षेत्रों में वर्षा जल सहेजने के उद्देश्य से तालाबों के निर्माण को प्राथमिकता पर लिया जाए। अमृत सरोवरों के निर्माण में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए मापदण्डों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें।

### मनरेगा में अजजा को रोजगार देने में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी

जानकारी दी गई कि मनरेगा में अनुसूचित जनजाति को रोजगार देने में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में है। योजना आरंभ होने से अब तक 68 लाख 84 हजार कार्य पूरे किए गए हैं। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य है। अब तक 2 हजार 657 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रदेश में निर्मित 63 अमृत सरोवर स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को समर्पित हैं। साथ ही 116 सरोवर ऐतिहासिक और 231 सरोवर धार्मिक महत्व के स्थानों पर निर्मित किए गए हैं। बहुउद्देशीय आर्थिक लाभ के लिए अमृत सरोवरों से मत्स्य और सिंघाड़ा उत्पादन जैसी गतिविधियों को जोड़ा गया है।

### दिशा समिति में की जाती है 43 योजनाओं की समीक्षा

केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए जिला और राज्य स्तर पर दिशा समितियों के गठन की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष तथा जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष जिला क्षेत्र से निर्वाचित लोक सभा सांसद हैं। राज्य स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक 6 माह तथा जिला स्तरीय समिति की बैठक प्रत्येक 3 माह में होना आवश्यक है। वर्ष 2015-16 से अब तक जिलों में दिशा समिति की 445 बैठकें हो चुकी हैं। समिति में विभिन्न विभागों की 43 योजनाओं की समीक्षा की जाती है।

## अन्नदूत योजना में वाहन क्रय हेतु ऋण आवेदन 31 मार्च तक किये जा सकेंगे

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री दीपक सक्सेना ने बताया कि अन्नदूत योजना में राशन सामग्री के परिवहन के लिए युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से बैंक ऋण हेतु आवेदन की तिथि 24 मार्च से बढ़ा कर 31 मार्च कर दी गई है। योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को प्रदान करने के लिए जिलों की माँग पर आवेदन जमा करने की अवधि में वृद्धि की गई है। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को पृथक पत्र भी भेजा जा रहा है।

श्री सक्सेना ने बताया कि सार्वजनिक प्रणाली में राशन प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकान तक राशन परिवहन हेतु वाहन क्रय करने के लिए युवाओं को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। कलेक्टर्स के माध्यम से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पंजीकृत बेरोजगार हेवी वाहन चालकों को भी योजना से जोड़ा जा सकेगा।

# नामीबिया से लाई गई मादा चीता 'साशा' की हुई मृत्यु

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नामीबिया से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ी गई मादा चीता ÷साशा÷ के गुर्दों में संक्रमण होने की वजह से सोमवार को मृत्यु हो गई है। इस मादा चीता के गुर्दों में संक्रमण भारत आने के पहले से ही था।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-प्राणी श्री जे.एस. चौहान ने बताया कि चीता के स्वास्थ्य की देख-रेख के लिए तैनात 3 पशु चिकित्सक द्वारा मादा चीता के स्वास्थ्य परीक्षण में उपचार की आवश्यकता पाई गई थी। फलस्वरूप उसी दिन उसे क्वारेंटाइन बाड़े में लाया गया। चीता का स्वास्थ्य परीक्षण वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में स्थित लैब में अत्याधुनिक मशीनों से किया गया। खून के नमूनों की जाँच से यह जानकारी प्राप्त हुई कि साशा के गुर्दों में संक्रमण है।

श्री चौहान ने बताया कि भारतीय वन्य जीव-संरक्षण देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और कूनों राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन द्वारा चीता कंजर्वेशन फाउडेंशन, नामीबिया से ÷साशा÷ की ट्रीटमेंट हिस्ट्री प्राप्त होने पर ज्ञात हुआ कि 15 अगस्त 2022 को नामीबिया में खून के नमूने की गई अंतिम जाँच में भी क्रिएटिनिन का स्तर 400 से अधिक पाया गया था, जिससे यह पुष्टि हुई है कि साशा को गुर्दे की बीमारी भारत आने के पहले से ही थी।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री चौहान ने बताया कि 22 जनवरी 2023 से ÷साशा÷ की मृत्यु दिनांक तक कूनो राष्ट्रीय उद्यान के सभी वन्य प्राणी चिकित्सकों और नामीबियाई विशेषज्ञ डॉ. इलाई वॉकर द्वारा लगातार दिन-रात परीक्षण कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान सतत रूप से चीता कंजर्वेशन फाउंडेशन, नामीबिया तथा प्रिटोरिया विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ डॉ. एड्रियन टोर्डिक, डॉ. एन्डी फ्रेजर, डॉ. माइक तथा फिन्डा गेंम रिजर्व के वरिष्ठ प्रबंधक से साशा के स्वास्थ्य के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। इन सभी विशेषज्ञों और चिकित्सकों से ÷साशा÷ का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और उनकी सलाह के अनुसार ÷साशा÷ का इलाज किया गया।

श्री चौहान ने बताया कि नामीबिया से लाए गए शेष 7 चीता, जिनमें 3 नर और 1 मादा स्वच्छंद विचरण के लिए खुले वन क्षेत्र में छोड़े गए हैं, पूरी तरह से स्वस्थ एवं सक्रिय रह कर शिकार कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका से लाए सभी 12 चीता वर्तमान में क्वारेंटाइन बाड़ों में स्वस्थ और सक्रिय है।

## अन्नदूत योजना में वाहन क्रय हेतु ऋण आवेदन 31 मार्च तक किये जा सकेंगे

**भोपाल।** संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री दीपक सक्सेना ने बताया कि अन्नदूत योजना में राशन सामग्री के परिवहन के लिए युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से बैंक ऋण हेतु आवेदन की तिथि 24 मार्च से बढ़ा कर 31 मार्च कर दी गई है। योजना का लाभ अधिक से अधिक युवाओं को प्रदान करने के लिए जिलों की माँग पर आवेदन जमा करने की अवधि में वृद्धि की गई है।

## निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी 29 मार्च को

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम अर्न्तगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा (नर्सरी/केजी-1/केजी-2/पहली) में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी अब बुधवार 29 मार्च 2023 को खोली जायेगी। पूर्व में यह तिथि मंगलवार 28 मार्च निर्धारित थी।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 मार्च 2023 थी। अंतिम तिथि तक आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित जन शिक्षा केन्द्रों पर 25 मार्च 2023 तक किया जाना था। दस्तावेज सत्यापन में अभिभावकों की सुविधा को दृष्टिगत रख राज्य शिक्षा केन्द्र ने 25 मार्च की तिथि को आगे बढ़ाते हुए 27 मार्च 2023 तक विस्तारित किया था। अत- अब ऑनलाइन लॉटरी की तिथि को 29 मार्च निर्धारित किया गया है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि 29 मार्च को विद्यालय आवंटन के लिए पारदर्शी और रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी खोली जायेगी।

# सभी विश्वविद्यालय में पुस्तक ब्रिकी केन्द्र खुलेगा : उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव

## म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी की कार्य समिति एवं प्रबंधक मंडल की हुई बैठक



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी की कार्य समिति एवं प्रबंधन मंडल की बैठक हुई। डॉ. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को आसानी से पाठ्यक्रम की पुस्तक सुलभ हो, इसके लिए सभी विश्वविद्यालय में पुस्तक बिक्री केन्द्र शुरू किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अकादमी उच्च शिक्षा में हिन्दी में पुस्तक प्रकाशित करने वाली देश में पहली अकादमी है।

मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवीन शैक्षाणिक-सत्र में भी उच्च शिक्षा विभाग से अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को पुस्तक सप्लाई करने का आदेश अप्रैल-मई तक जारी करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस परिप्रेक्ष्य में एनईपी और आजादी के अमृतकाल संबंधी संभाग स्तर एवं और सभी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए आलेख-भाषण प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों से नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता ने कहा कि म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी डिजिटल बुक की दिशा में भी आगे बढ़े। आम नागरिक और कॉलेज विद्यार्थियों से सुझाव आमंत्रित कर पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद और समाचार-पत्रों की ऑडियो बुक तैयार की जाये।

अकादमी के संचालक श्री अशोक कडैल ने विभिन्न विषय और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति भी उपस्थित थे।

# टीवी कलाकार अपनी मनपसंद समर डाइट्स से दे रहे हैं गर्मी को मात!



**जीएनएस।**मार्च का महीना चल रहा है और भारत के ज्यादातर भागों में तेज गर्मी पड़ रही है। झुलसाने वाली गर्मी में अपना खान-पान तुरंत बदलना जरूरी होता है, ताकि शरीर ठंडा और स्वस्थ रहे। एण्डटीवी के कलाकार आरजे मोहित ('दूसरी माँ' के मनोज), कामना पाठक ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी) अपनी समर डाइट्स के बारे में बता रहे हैं। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में मनोज की भूमिका निभा रहे आरजे मोहित ने कहा, ''गर्मियों में ठंडक देने वाली चीजें, जैसे कि आम पना मेरी डेली डाइट का हिस्सा बन चुका है। यह साइट्रस फ्रूट्स को खाने का वक्त होता है, जोकि विटामिन 'सी' और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये तेज गर्मी वाले मौसम में प्यास भी बुझाते हैं। शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं, क्योंकि उनमें ठंडक होती है और पाचन के लिये भी अच्छे हैं, क्योंकि वे मेटाबॉलिक सिस्टम को बेहतर बनाते हैं। अच्छी बात यह है कि इनसे मूड तुरंत बेहतरीन हो जाता है। मैं सभी को सलाह दूंगा कि फल की गर्मी निकालने के लिये उसे कुछ घंटों तक पानी में रखें, रस निकालें और उसे पीने से पहले रेफ्रिजरेटर में रखें। पूरी गर्मियों में यह जितना संभव हो, आपको सेहतमंद रखने के लिये बेहतरीन काम करता है।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, यानि कामना



पाठक ने कहा, ''मुझे गर्मियों के दौरान गन्ने का रस सबसे ज्यादा अच्छा लगता है। नींबू और पुदीना मिलाने से इसका स्वाद सबसे बढ़िया हो जाता है। इससे तुरंत एनर्जी मिलती है और पोषण के मामले में भी कई फायदे होते हैं। यह शरीर के तरल और प्लाज़्मा को बढ़ाता है और थकान तथा डिहाइड्रेशन से लड़ने में मदद करता है। यह सबसे सेहतमंद डीटॉक्स बेवरेजेस में से एक भी है। इसके अलावा मैं लंच में टमाटर और खीरा ककड़ी हमेशा लेती हूँ, क्योंकि ये बहुत पौष्टिक होते हैं। पानी की अच्छी मात्रा वाले फल और सब्जियाँ आपको हाइड्रेटेड और तरोताजा रखती हैं और गर्मी के साथ सेहतमंद तरीके से निपटने में मदद करती हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया, ''गर्मियों में दही खाने का सही समय होता है। इसमें प्रोबायोटिक्स की अच्छी मात्रा होती है। पाचन के लिये चाट बेहतरीन है और इसमें जीरा जैसे मसाले फायदों को बढ़ा देते हैं। इसके अलावा मैं चाट मसाला के लिये ताजी अदरक, या सूखी अदरक का पाउडर और हरी मिर्च की जगह काली मिर्च पसंद करती हूँ। छाछ में पुदीना या धनिया की पत्ती डालने से इसके स्वाद में ताजगी आ जाती है। तेज धूप वाले गर्म दिन को मसाला छाछ की इस रेसिपी से ताजगी भरा बनाइये। इसके अलावा, गर्मियों के दौरान सुबह पहली बार पीने के



पानी में सब्जा के बीज डालना मेरी आदत है। इससे शरीर को ठंडक मिलती है।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शु क्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर!**

## झैन शॉ की माँ ने अपने बेटे के किसिंग सीन देखकर, ऐसे किया रियाक्ट



**जीएनएस।**झैन शॉ, जिन्होंने हालिया समय में नेटफ्लिक्स के सबसे लोकप्रिय शो क्लास में वीर आहूजा की भूमिका निभाई थी, हालाँकि अपने डेब्यू परफॉरमेंस के लिए चारों ओर से प्रशंसा और प्यार बटोर रहे है, लेकिन सबसे इंट्रेस्टिंग प्रतिक्रिया उनकी माँ की रही हैं, वह भी उनके किसिंग सीन के लिए।


दिल्ली के एलिट स्कूलों के गहरें पहलुओं और राजधानी के अमीरों और गरीबों के बीच वर्ग और स्थिति के विभाजन को प्रदर्शित करते हुए, क्लास ने ड्रग्स, सेक्स और हिंसा जैसी डार्क कॉनसेप्ट्स को प्रस्तुत किया। जब झैन शॉ की माँ से हाल ही में उनके बेटे के शो पर उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सबसे हटके जवाब दिया, जो उनके बेटे के लिए उनके प्यार और गर्व को भी दर्शाता है।

चित्रित किए गए डार्क विषयों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा, ÷ईमानदारी से, मैं झिझकी नहीं थी, जब उसका मेकिंग आउट सीन आया, तो उसने (झैन) कहा, %माँ दूसरी तरफ देखो%, मैंने कहा, %बस चुप रहो, यह है ठीक है, कोई बात नहीं%। मुझे यह (शो) बहुत पसंद आया, पहले एपिसोड से मैंने कहा कि यह हिट है। मुझे उस पर बहुत गर्व है।

11 नए अभिनेताओं को लॉन्च करने वाले शो में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ अपनी अलग जगह बनाते हुए, झैन शॉ का टैलेंट और जुनून, आने वाले समय में सबसे होनहार अभिनेताओं में से एक बनने का वादा करता है। जैसा कि शो को दूसरे सीज़न के लिए पुनर्जीवित किया गया है, क्लास नेटफ्लिक्स के सबसे लोकप्रिय और देखे जाने वाले शो में से एक रहा है। उसी के साथ, झैन शॉ वर्तमान में फिल्मों और शो की एक दिलचस्प लाइन-अप के लिए भी तैयार है, जिसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी।

# क्या तारा टाइम ट्रैवेल करने में कामयाब होगी और ध्रुव को अपने साथ अपनी दुनिया लेकर जा पाएगी?





**जीएनएस।**अपनी तरह के अनूठे शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' के साथ सोनी सब दो लोगों की एक अनोखी प्रेम कहानी लेकर आया है, जिसमें ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) हैं, जो दो अलग-अलग युगों से आते हैं। इस शो ने अपनी रोचक कहानी, दमदार पार्श्र्वर-संगीत और ध्रुव और तारा के बीच की प्याजरी नोक-झोक से दर्शकों का ध्या न खींचा है। तारा धीरे-धीरे ध्रुव का भरोसा जीतने की कोशिश कर रही है, ताकि वह समय की यात्रा की उसकी कहानी पर यकीन करे। तारा अनजाने में ही ध्रुव के करीब आने लगती है, क्योंरकि वह एक बेहतर बेटा बनने और जिन्दागी में बेहतर फैसले करने में उसकी मदद कर रही है।

इस हफ्ते तारा अपने लक्ष्यह की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाती है और ध्रुव को सम्मोहहित कर लेती है। वह उसे वहीं ले जाती है, जहाँ नवरंग वैन से 21वीं सदी में आकर वह पहली बार उतरी थी। हालांकि उसे आश्चनर्य होता है, क्योंलकि वह द्वार को ढूंढ नहीं पाती है। तारा की योजना विफल हो जाती है और भरे मन से वह ध्रुव को वापस उसके घर ले जाती है। हालांकि तारा की स्वीतकारोक्ति का पत्र स्थिति को और भी खराब कर देता है। सुशीला (नीलिमा सिंह) को तारा पर बहुत गुस्साग आता है। हालांकि ध्रुव उसका बचाव करता है और माहौल को ठीक कर देता है।

### क्या ध्रुव असली नवरंग वैन को तारा के लिये ढूंढ सकेगा?

ध्रुव की भूमिका निभा रहे ईशान धवन ने कहा, ÷टेलीविजन पर 'ध्रुव तारा' के सफर को करीब एक महीना होने जा रहा है और ऐसा बेहतरीन मौका पाने के लिये मैं अपनी किस्मलत का जितना भी शुक्रिया करूं, कम होगा। मुझे लगता है कि हर एपिसोड में कहानी एक खूबसूरत रिश्तो दिखा रही है, जो समय और परिस्थितियों से परे है। ऐसी दमदार कहानी के साथ, मेरा मानना है कि यह शो दर्शकों से अच्छी तरह जुड़ गया है और यह सफर बेहतर ही होता जाएगा। ध्रुव को तारा पर भरोसा है, लेकिन ध्रुव की माँ का शक बढ़ता जा रहा है और इस तरह यह शो यकीनन एक दिलचस्प मोड़ पर पहुँच चुका है। अब देखना दिलचस्पु होगा कि ध्रुव और तारा इस चुनौती से कैसे उभरते हैं।

**देखना न भूलें 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे', हर सोमवार से शनिवार रात 8ः00 बजे, सिर्फ सोनी सब पर**

### अब बचा ही क्या?

*खुरचन को भी खुरच डालते हैं*
*जुमले बताकर नया,*
*जब गंभीरता से सोचें तो*
*लगता है अब बचा ही क्या?*
*बल,बुद्धि,ताकत,न्याय मांग रही है*
*चिल्ला चिल्ला रहम और दया,*
*उम्मीद करें तो करें किससे*
*अब बचा ही क्या?*
*वहशियत का नंगा नाच कर रहे,*
*जिसका भी चाहे गला पकड़ रहे,*
*कारनामे है जमीन के*
*या फिर मशीन के,*
*हो रही मनमर्जियां*
*खुलेआम गिन गिन के,*
*जिये जा रहा अवाम*
*बिना किसी यकीन के,*
*सिकुड़ चुका इंसाफ की रवायत,*
*कौन किससे कब करे शिकायत,*
*जिन्हें झिंझोड़ना था*
*बन अवाम की आवाज,*
*तवायफों संग बैठ गया*
*लेकर सुरीले साज,*
*वो कमा रहे हैं केवल धन*
*ईमान या हलाली से,*
*फर्क नहीं पड़ता कैसे आये*
*झूठ-नफरत फैला दलाली से,*
*बजबजा रहे हैं गुणगान,*
*जातीय,धार्मिक जुनून,*
*फर्क नहीं बह रहा*
*किस किस का खून,*
*बोलने की आजादी*
*कुंद पड़ता जा रहा*
*जो था थोड़ा बचा खुचा,*
*करें किससे क्या शिकायत*
*अब बचा ही क्या?*

**-राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छ.ग.**

### लघुकथा- दोष

संजना कई दिनों से अनमने -सी थी। अपने पिता और भाइयों से थोड़ी नाराज। पिछले कुछ दिनों से न तो पिताजी का फोन आ रहा था ना ही किसी भाई भाभी का ।वह सोच-सोच के परेशान हो रही थी ऐसा उसने क्या कर दिया की मायकेवालों ने उसकी सुध ही लेनी छोड़ दी। मां के गुजरने के बाद मानो सब कुछ बदल गया, पिताजी के रवैए में भी अजीब परिवर्तन आ गया है।

कई दिनों से इंतजार करने के बाद संजना से रहा नहीं गया । आखिरकार उसने ही पिताजी को फोन किया ÷पापा आप कैसे हैं? भैया भाभी कैसी है!

÷मैं ठीक ही हूं तुम्हारी मां के जाने के बाद यहां पर बहुत अच्छा कुछ भी नहीं रहा, तुम्हारी भाभीयों की मनमानी बढ़ गई है दिनेश और कैलाश दोनों ही अपनी पत्नियों से परेशान रहते हैं।÷गहरी सांस लेते हुए पिताजी ने कहा

आप भाभीयों को क्यों दोष दे रहे है?दिनेश और कैलाश भैया के रवैए में कितना परिवर्तन आ गया है, पहले तो हमेशा मेरे पास फोन कर हालचाल पूछते रहते थे अब तो कई -कई महीने हो जाते हैं उनसे बातचीत हुए, कभी मैं फोन करूं तो ठीक से जवाब तक नहीं देते।

इसमें इन बेचारों क्या दोष बहुओं ने उनका जीना मुहाल किया है,सारा दिन उनसे बिना बात के झगड़ती रहती है उनकी किसी बात पर ध्यान नहीं देती। हमने गलत लड़कियों को अपने घर कि बहू बना लिया है।÷ नाराज़ होते हुए पापा ने कहा।

संजना सोचने लगी पिताजी कैसे सारा दोष बहुओं पर लगा कर

बेटों को मासूम बता रहे हैं। क्या हर वक्त बहुएं ही ग़लत होती हैं?

**- विभा कुमारी "नीरजा"**

### नज़्म/ग़ज़ल

*बुलंदी की आहट मिलते ही, अज़ीज़ दोस्तों के चेहरे की रंग उड़ जातीं हैं,*
*फिर बेवफा सनम की तरह -तरह के किस्से सुनाई जाती है।*

*मुश्किल में हैं तो , बड़ी शिद्दत से खुशियां मनाई जाती है,*
*खुशियों को देखकर अपने अज़ीज़ की कमियां गिनाई जाती है ।*

*तरक्की और अच्छी शोहरत से नजदीकी लोग तक दुःखी हो जातें हैं,*
*तरक्की करने के पैमाने की फिर बड़ी- बड़ी बातें बनाई जाती है।*

*शोहरत और मोहब्बत के शहरी होने पर अक्सर लोग खुश नहीं होते हैं,*
*अज़ीज़ शफीक के बीच गन्दी- गन्दी कहानियां सुनाई जाती है।*

*सफ़र में साथ देने वाले कद्रदान अब कहां नज़र आते हैं,*
*कद बढ़ता देखकर सोहबत पाने की कोशिश बनाई जाती है।*

*कुछ आम और कुछ ख़ास लोगों को शोहरत अच्छा नहीं लगता है,*
*फिर इन ऊंचाईयों को छू पाने की भरपूर जद्दोजहद की जाती है।*

*यह दुनिया बड़ी बेदर्दी से सब खेल देखते हुए रहतीं हैं ÷अशोक÷,*
*नासमझी कहें या फिर और कुछ, ग़म के वक्त तकल्लुफ तक भूल जाती है।*



**डॉ 0अशोक, पटना,बिहार**

### आधुनिकता

जीवन की गति दिशा हीन हो गयी
तन की दशा एक मशीन हो गयी
गहन तिमिर, घोर भंवर बीच
प्राण ऊर्जा तेज विहीन हो गयी

व्यथा, रोग अब शत्रु हो गये
प्रेम के नाते अलोप हो गये
द्वेष - बैर अब घर कर गये
संगी - साथी लोभ-मोह हो गये

भुवन भास्कर निस्तेज हो गये
आँधी-तूफान अतिरेक हो गये
सृष्टि प्रभु की विलोम हो गयी
मंगल-अमंगल सब एक हो गये

प्रभु तेरी कृपा की माया
जो, मैं तेरी शरण में आया
जीवन, सागर के झंझावात में
तुझे अपना आधार है पाया



**गरिमा नागर**

### छोटा सा संसार

*पहचाने हैं रास्ते ,छोटा सा संसार ,*
*अगर मिलोगे फिर कभी ,हो जाएगा प्यार।*
*जीना मरना है यहां ,जीते मिले या हार ,*
*छोटी सी ये जिंदगी ,छोटा सा संसार।*
*मिलन जुदाई से सजा ,छोटा सा संसार ,*
*कोई पाता है विरह ,कोई पाता प्यार।*
*अचरज से भरपूर है ,ये छोटा संसार ,*
*नफरत भी पलती यहाँ ,पले अनूठा प्यार।*
*छोटे से संसार में ,हैं खुशियां भरपूर ,*
*पर जो करते हैं कलह ,उनसे खुशियां दूर।*

**-महेंद्र कुमार वर्मा**

### नशा

*नशे का सेवन नहीं करना हैं,नशे से दूर रहना हैं !*
*नशे से शरीर को ,*
*हानिकारक प्रभाव पड़ता हैं!*
*नशे की लत से, जिंदगी बर्बाद होता हैं!*
*नशे की आदत छोड़कर,*
*खुशी जीवन से नाता जोड़ना हैं!*
*जीवन में स्वस्थ रहना हैं, तो नशे से दूर रहना हैं!*
*जन जन ने ठाना हैं,नशे को मिटाना हैं!*
*नशे को दूर भगाना हैं,खुशहाली को हमे लाना हैं !*

**- कृष्णा चौहान**

### श्री राम आरती

*ॐ जय श्री राम हरे प्रभु जय श्री राम हरे।*
*राम नाम ले जो मानव सारे कष्ट टरे।।*

*सिया संग शोभित सेवा में अनुज तिहारे।*
*बैठ चरण में हनुमान भजे नाम तुम्हारे।।*

*जन्म मरण परण सब ही प्रभु है हाथ तेरे।*
*संकट से भक्त को प्रभु जी पल में पार करें।।*

*वशिष्ठ से शिक्षा पाए सभी जयकार करे।।*
*शस्त्र विद्या विश्वामित्र से असुर संहार करे।।*

*मोहनी मूरत अति शोभित धुनुष बाण धरे।*
*पितृ वचन के हित रघुराई वन प्रस्थान करें।।*

*मर्यादा का पाठ पढ़ाए जग जय कार करें।*
*भरत भाई तर गए ले पादुका राज करे।।*

*लंका जीत विभीषण को दे दी राज करें।*
*खुश होकर देवता सारे सुमन वृष्टि करें।।*

*पत्थर बनी अहिल्या प्रभु का इंतजार करें।*
*परम दयालु कर कृपा अहिल्या उद्धार करें।।*
*श्री राम की आरती जो जन भी गान करें।*
*कहे मनोहर भक्त वो भव सागर पार करें।।*

**- मनोहर सिंह चौहान मधुकर**

### ग़ज़ल

*हर समय रखिये आप दुश्मनों पर नज़र यारों*
*बचा रहे ताकि उससे आपका यह घर यारों*

*गिद्ध जितने भी बैठे हैं सत्ता की डाली पर*
*वे सभी खा रहे है देश को नोंचकर यारों*

*सारा जगत ही रह जाए चकित यह सब देखकर*
*लाये देश में ऐसे खुशहाल मंज़र यारों*

*रखोगे हिम्मत कर लोगे राह भी आप पार*
*चाहे मिले आपको कॉटे 'औ' खंज़र यारों*

*कीजिए अपने में अब जादुई ख़ूबी पैदा*
*आ जावे पास में सबके सब दौड़कर यारों*

*मिलने को मिलती नहीं है शुद्ध चीजे अब यहाॅ*
*किसी न किसी रूप में मिला रहता ज़हर यारों*

*सच के रास्ते को भी कर लेगा रमेश पार*
*फिर रोके झूठ कितनी भी उसकी डगर यारों*



**रमेश मनोहरा**

### जय श्री श्याम

*पांडु वंश में जाए आप*
*भीम हिंडिंबा के है पोते,*
*जो है रोते उनको हंसाते*
*हारे के सहारे जो आप होते।1*
*घटोत्कच्छ अहिलावती के पूत*
*नाम पाए महान बर्बरीक*
*मां का वचन निभाने हेतु ,*
*सिद्ध करने चले गए*
*सिद्ध सुर श्याम का सेतु।2*
*शिव आराधना से पाए*
*तीन तीर ओर धनुष बाण,*
*तीनो लोक में विजय बना*
*हारे का सहारा है ये महाप्राण।3*
*घुंघराले केश आपके प्रभु*
*शीश के हो आप महादानी,*
*गिरते को संभाल लेते हो*
*यही है प्रभु आपकी निशानी ।4*
*श्याम की ही सेवा कर के*
*श्याम से ही पाया अखंड आशीष,*
*श्याम को ही सर्वस्व समर्पित किया*
*श्याम को ही दिया अपना स्वयं शीश।5*



**पं.रामगोपाल शर्मा÷गुरुजी÷**

# 8 अप्रैल तक का बढ़ा रिमांड, निलंबन का जारी हुआ आदेश

## – मामला जेल कर्मियों की जीपीएफ राशि गबन का, बढ़ सकती है आरोपियों की संख्या

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2 दिनों की रिमांड पर चल रही पूर्व जेल अधीक्षक और जीपीएफ गबन कांड के मुख्य आरोपी को सोमवार दोपहर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। एक बार फिर पूछताछ के लिए 8 अप्रैल तक का रिमांड बढ़ाया गया है। पूर्व में 5 दिन की रिमांड पर दिए गए तीन अन्य आरोपियों की रिमांड अवधि भी 31 मार्च तक बढ़ाई गई है।

67 जेल अधिकारी और कर्मचारियों के जीपीएफ, वेतन और ग्रेजुएटी खातों से 15 करोड़ की राशि निकालकर गबन किए जाने का मामला जिला कोषालय ने उजागर किया था। 12 मार्च को मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। 12 दिन की जांच के बाद गबन के मुख्य आरोपी रिपुदमन को बनारस से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। पूछताछ के बाद जेल अधीक्षक रही उषाराज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के लिए दोनों को 2 दिन की रिमांड पर लिया गया। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने न्यायालय में पेश कर फिर दोनों का 8 अप्रैल तक रिमांड मांगा। दोनों को न्यायालय ने पुलिस की अभिरक्षा में पूछताछ के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि 2 दिनों की रिमांड पर उषाराज ने जांच के लिए गठित एसआईटी का सहयोग नहीं किया था। पुलिस ने उनके जेल परिसर स्थित बंगले का ताला तोड़कर गबन से जुड़े दस्तावेज भी किए थे। एक बार फिर पुलिस उषा राज और मुख्य आरोपी से गबन का राज उगलवाने की कोशिश करेगी।

### जेल अधीक्षक को किया गया निलंबित

जेल मुख्यालय भोपाल ने गबन कांड का मामला ज्यादा होने के बाद जेल अधीक्षक उषाराज को मुख्यालय अटैच कर लिया था। गिरफ्तारी और रिमांड अवधि बढ़ने पर सोमवार को निलंबन आदेश भी जारी कर दिए गए। जेल अधीक्षक और मुख्य आरोपी रिपुदमन के साथ ही पुलिस ने अपनी जांच में जेल प्रहरी शैलेंद्र सिकरवार और धर्मेंद्र लोधी को भी आरोपी बनाया है। दोनों वर्तमान में फरार है जिनकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है जल्द ही मुख्य आरोपी के साथ दोनों प्रहरी भी निलंबित किए जाएंगे।

### खाता धारकों का भी बढ़ा रिमांड

पुलिस ने अपनी जांच के दौरान पाया था कि मुख्य आरोपी रिपुदमन में राशि का गबन करने के बाद 3 लोगों के खाते में राशि का ट्रांजैक्शन किया था। पुलिस ने देवास के रहने वाले रोहित चौरसिया के साथ उज्जैन के रिंकू मांदरे और हरीश गहलोत को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है। तीनों 5 दिनों की रिमांड पर थे सोमवार को तीनों को न्यायालय में पेश कर 31 मार्च तक पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

# घायल हालत में मिला 2 दिन से लापता आरक्षक

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिस लापता आरक्षक की तलाश की जा रही थी, वह रविवार को इंदौर एमवाय अस्पताल में घायल बेहोशी की हालत में मिला है। परिजन उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये है।

माधवनगर थाने पर पदस्थ आरक्षक नीरज पाराशर गुरुवार शाम ड्युटी खत्म होने पर पुलिस लाइन स्थित अपने क्वार्टर पर लौट गया था। सुबह ड्युटी पर नहीं पहुंचा तो थाना स्टॉफ ने उसे कॉल किया, लेकिन मोबाइल रिसिव नहीं हुआ। पता करने पर सामने आया कि वह लापता है, उसका मोबाइल और सभी दस्तावेज घर पर ही रखे है। आरक्षक के लापता होने पर उसकी तलाश शुरु की गई। डबरा में रहने वाले परिजन भी उज्जैन पहुंच गये। कुछ पता नहीं चलने पर शनिवार शाम उसकी गुमशुदगी पिता ने दर्ज कराई। रविवार को जानकारी सामने आई कि शुक्रवार रात विक्रमनगर स्टेशन पर मालगाड़ी के सामने एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे एम्बुलेंस रात 9.30 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे तत्काल इंदौर रैफर कर दिया था। नागझिरी पुलिस को सूचना दी गई थी, पुलिस अस्पताल पहुंची थी, डॉक्टरों ने गंभीर घायल और बेहोशी की हालत में एमवाय इंदौर रैफर करना बताया। आरक्षक के लापता होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया और रविवार को इंदौर एमवाय चौकी पुलिस से संपर्क कर रैफर किये गये घायल का फोटो मंगवाया। फोटो मिलते ही पुलिस हैरत में पड़ गई। घायल नीरज पाराशर था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और इंदौर पहुंची। जहां से उसे बॉम्बे हास्पिटल ले जाया गया है। विक्रमनगर स्टेशन मास्टर से भी पुलिस ने संपर्क किया है, जिनका कहना था कि मालगाड़ी से टकराया था। पुलिस को प्रथमदृष्टता लगा रहा है कि आरक्षक ने आत्महत्या का प्रयास किया है, जिसका पता उसके होश में आने पर चलेगा। जानकारी सामने आई है कि 2 साल पहले उसका विवाह हुआ था। परिवार डबरा में रहता है।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण सम्मेलन काशी विश्वनाथ वाराणसी सम्पन्न-पं. चतुर्वेदी सम्मानित

**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** केंद्रीय ब्राह्मण महासभा काशी विश्वनाथ वाराणसी द्वारा अध्यक्ष पं. कमलाकांत उपाध्याय के अध्यक्षता में धर्म सम्राट करपात्री महाराज द्वारा स्थापित धर्म संघ दुर्गाकुंड पर दो दिवसीय राष्ट्रीय ब्राह्मण सम्मेलन दिनांक 26 एवं 27 मार्च 2023 को आयोजित किया गया ब्राह्मण सम्मेलन में शामिल अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश भर से आए हुए प्रतिनिधियों ने आर्थिक आधार पर आरक्षण, राष्ट्रीय ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना, समान नागरिक संहिता लागू करने ,मठ एवं मंदिरों का सरकारी करण से मुक्ति एवं ब्राह्मणों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए जाने के प्रस्ताव सम्मेलन में पास करते हुए ब्राह्मणों पर आए दिन हो रहे




आक्रमणों पर चिंता व्यक्त कर सामाजिक राजनीतिक संगठनों को चेतावनी भी सम्मेलन में दी गई सम्मेलन में दूसरे दिन युवा सम्मेलन एवं महिला सम्मेलन का आयोजन पर युवाओं एवं महिला सशक्तिकरण पर विचार किया गया उपरोक्त सम्मेलन में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी को वाराणसी मे सम्मानित किया गया सम्मेलन को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मंत्री वाराणसी विधायक नीलकंठ तिवारी, केंद्रीय ब्राह्मण युवा इकाई अध्यक्ष अरुण उपाध्याय, ने संबोधित किया इस अवसर पर महामंत्री राजेश पाठक महिला इकाई के अध्यक्ष श्रीमती मंजू लता त्रिपाठी डॉ प्रमोद महेश दुबे डॉ गणेश दत्त त्रिपाठी विजय नाथ उपाध्याय डॉ भीम तिवारी महेंद्र पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे!

# महापौर एवं निगम आयुक्त ने किया लाडली बहना योजना शिविरों का निरीक्षण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्ब बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाडली बहना का शुभारंभ किया गया है। योजना के आवेदन की ऑनलाईन प्रविष्टी के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया।




सोमवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 45 बागपुरा शिविर एवं निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा बंगाली कॉलोनी एवं अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी शासकीय स्कूल में आयोजित शिविर स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर एवं निगम आयुक्त द्वारा शिविर पर उपस्थित आवेदन के लिए आई महिलाओं से चर्चा की गई एवं योजना के वारे में बताया गया, साथ ही शिविर में पदस्थ कर्मचारियों से भी चर्चा करते हुए आवेदनों की आनलाईन प्रविष्टी की जानकारी प्राप्त की गई। महापौर श्री टटवाल ने निर्देशित किया कि शिविर का आयोजन सांय 07.00 बजे तक किया जाए ताकि कोई भी आवेदिका योजना से वंचित नही रह पाए हमे प्रयास करना है कि अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाये एवं योजना का लाभ पात्र हितग्राहि को मिल सके। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि आवेदन की प्रविष्टी के समय दस्तावेज का पूर्ण परीक्षण किया जाए यदि किसी भी तरह की कमी हो तो उसे पूर्ण करवाया जाए। निरीक्षण के दौरान झोनल अधिकारी श्री मनोज राजवानी एवं श्री राजकुमार राठौर उपस्थित थे।

## सार समाचार

### 28 मार्च से 31 मार्च तक गेहूं उपार्जन का कार्य स्थगित किया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा असामयिक वर्षा के कारण गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ जाने से इन्दौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में 28 मार्च से 31 मार्च तक गेहूं का उपार्जन कार्य स्थगित कर दिया गया है। अपर सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी किये गये आदेश के अनुसार प्रदेश के अधिकांश जिलों में विगत सप्ताह गेहूं की खड़ी फसल पर असामयिक वर्षा के कारण गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ जाने से इन्दौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में उपार्जन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर नमीयुक्त अमानक गेहूं विक्रय हेतु पहुंच रहा था, जिसके फलस्वरूप उपार्जन केन्द्रों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता के गेहूं की खरीदी संभव नहीं हो पा रही थी। अत~ किसानों को अपने गेहूं को सूखाकर निर्धारित नमी मात्रा अनुसार गेहूं का विक्रय करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से उक्त संभागों में 28 मार्च से 31 मार्च तक गेहूं उपार्जन का कार्य स्थगित किया गया है। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों द्वारा उक्त अवधि में गेहूं विक्रय हेतु किये गये स्लॉट बुकिंग को भी निरस्त कर दिया गया है। उक्त अवधि की स्लॉट बुकिंग करवाने वाले कृषक सुविधा अनुसार पुन~ स्लॉट बुकिंग करवा सकेंगे।

### नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 तथा पोषण आहार विषय पर संभागीय कार्यशाला 28 मार्च को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 तथा पोषण आहार विषय को लेकर 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संरक्षण एवं विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा भविष्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए रणनीति तय करने के उद्देश्य से दिनांक 28 मार्च 2023 को दोपहर 2 बजे से विक्रम कीर्ति मंदिर में एक संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, महापौर श्री मुकेश टटवाल, विधायक श्री पारस जैन, मप्र जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री विभाष उपाध्याय, मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री द्रविन्द्र मोरे तथा आयोग के सदस्य डॉ.निशा श्रीवास्तव, सेवा भारती के सचिव श्री रितेश सोनी आदि उपस्थित रहेंगे।

लोक शिक्षण संभाग उज्जैन के संयुक्त संचालक श्री आर.के. सिंह तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री आनन्द शर्मा ने बताया कि उज्जैन जिले के 205 हाईस्कूल/हायरसेकण्डरी के प्राचार्य, संभाग के विभिन्न जिलों के समस्त विकासखण्डों के विकासखण्ड अधिकारी व बीआरसी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों सहित लगभग 500 प्रतिभागी कार्यशाला में सहभागिता करेंगे।

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री अंकिता धाकरे द्वारा जानकारी दी गई कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक मंगलवार 28 मार्च को दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रस्तावित बजट, जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2021-22 के चतुर्थ त्रैमास के आय-व्यय, जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय त्रैमास के आय-व्यय, जिला पंचायत अन्तर्गत कलेक्टर दर पर कार्यरत सफाईकर्मी के पारिश्रमिक वृद्धि का अनुमोदन, जिला पंचायत की पदोन्नति समिति का गठन और अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### अपनी पुलिस सेवा में उज्जैन के ढाई वर्ष का कार्यकाल सर्वश्रेष्ठ और सफल रहा- पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र शुक्ला

**सिटी प्रेस क्लब का बिदाई कार्यक्रम संपन्न, वक्त ाओं ने कहा पुलिस और पत्रकारों का कार्य एक जैसा**



**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** पुलिस सेवा में मेरी कई जिलों में पदस्थी रही, लेकिन उज्जैन के ढाई वर्ष का कार्यकाल अब तक का सर्वश्रेष्ठ मानता हूं और इस दौरान अनेक चुनौतियों का सामना भी बाबा महाकाल के आशीर्वाद से किया । मेरे सफ़ल कार्यकाल का श्रेय यहां के पत्रकारों को जाता है जिन्होंने एक पुख्ता सूचना तंत्र का लाभ मुझे दिया । यह उद्गार पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र शुक्ल ने सिटी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए , श्री शुक्ल का स्थानांतरण खंडवा होने पर शाब्दिक विदाई देने हेतु सिटी प्रेस क्लब द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ल ने अपने कार्यकाल के अनेक संस्मरण सुनाएं, आपने कहा कि जब मेरी पोस्टिंग उज्जैन हुई थी तब मुझे बताया गया था कि यहां से अधिकांश अधिकारी विवाद के साथ ट्रांसफ़र होते हैं, लेकिन मैं संतुष्टि लेकर यहां से जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से कोरोना काल, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जैसे विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य निर्विघ्न संपन्न हुए हैं । उन्होंने अपनी सफलता का आधा श्रेय पत्रकारों को देते हुए कहा कि मेरे सफल कार्यकाल के लिए यहां के पत्रकार भी भागीदार है ,क्योंकि जितना मजबूत पुलिस का सूचना तंत्र होता है उतना ही मजबूत यहां के पत्रकारों का सूचना तंत्र है, जिसकी वजह से अनेक सफलताएं मेरे

### राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में काली पट्टी लगाकर काम किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आई एम ए उज्जैन के सदस्यों द्वारा राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया। उसी परिपेक्ष मे कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम को उक्त बिल के विरोध में ज्ञापन दिया गया एवं उसके बारे मे चर्चा की गई। इस दौरान आई एम ए अध्यक्ष डॉ विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ अर्चना माहेश्वरी, सचिव डॉ तपन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेंद्र बंसल, डॉ कात्या यन मिश्र, डॉ महेंद्र पाटीदार, डॉ तेजसिंह चौधरी, डॉ शरद गोवा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री को विक्रमदित्य शिव महापुराण कथा में आमंत्रित किया

## 04 अप्रैल से होगी पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की कथा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से दिनांक 04 अप्रैल से 10 अप्रैल तक विक्रमादित्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा के आमंत्रण के लिए सोमवार को भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से प्रथम सेवक महापौर श्री मुकेश टटवाल, विठ्ठलेश सेवा समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा द्वारा सौजन्य भेंटकर कथा में उज्जैन पधारने के लिए आमंत्रित किया गया साथ ही कथा की व्यवस्थाओं से अवगत करवाया गया।

4 अप्रैल से 10 अप्रैल तक सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के द्वारा बड़नगर रोड स्थित मुरलीपुरा पर विक्रमादित्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। विठ्ठलेश सेवा समिति द्वारा कथा की तैयारियां प्रारंभ की गई है साथ ही कथा का प्रथम निमंत्रण गौरी पुत्र गणेश भगवान चिंतामन एवं बाबा



महाकाल को आमंत्रित किया गया। सोमवार को विठ्ठलेश सेवा समिति के प्रथम सेवक महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा द्वारा भोपाल में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को शिव महापुराण कथा के लिए आमंत्रित करते हुए आमंत्रण पत्र भेंट किया गया। कथा के लिए जो व्यवस्थाएं की जा रही है उससे अवगत करवाया गया साथ ही महापौर द्वारा मुख्यमंत्री से उज्जैन शहर के बजट के विषय पर भी चर्चा करते हुए बताया कि इस बार उज्जैन का बजट उज्जैन शहर के नागरिकों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के अनुरूप बनाया गया है इस हेतु शहर के नागरिकों से सुझाव भी आमंत्रित किए जाकर विभिन्न संस्थाओं संगठनों के साथ बैठक भी आयोजित करते हुए उज्जैन के बजट पर चर्चा की गई। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा से भी सौजन्य भेंट करते हुए कथा का आमंत्रण दिया गया।

### नवपद ओलीजी आराधना कल से, निश्रा देने पधारे आचार्य वीररत्न सूरी जी महाराज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विख्यात जैनाचार्य श्री वीर रत्न सुरेश्वर जी , आचार्य श्री पद्मा भूषण सुरेश्वर जी एवं गणिवयआदर्श रत्न सागर जी आदि ठाणा का मंगल प्रवेश जुलूस सोमवार को घी मंडी स्थित कांच के जैन मंदिर से निकला। सभी मुनि मंडल खाराकुआ स्थित सिद्धचक्र केसरियानाथ महातीर्थ पर 29 अप्रैल से होने वाली नवपद ओली जी आराधना में निश्रा प्रदान करने के लिए पधारे हैं। जुलूस मार्ग पर समाज जनों ने अक्षत की गहुली कर आचार्य श्री की अगवानी की। आगे महिला मंडल अपने परिवेश में चले तो पीछे ढोल एवं बैंड बाजे चल रहे थे। प्रमुख मार्ग से होकर जुलूस पेढ़ी मंदिर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुआ। आचार्य वीररत्न विजयजी मसा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि जीवन को तप, त्याग, साधनामय बनाने का प्रयास करे। उसी से जीवन की सार्थकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम और संवाद से हर विवाद का समाधान निकल सकता ।

# शहरवासी कर जमा कराकर शहर विकास में सहयोग प्रदान करें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर विकास में नागरिकों का सहयोग अत्यन्त आवश्यक है, नगर निगम की आय का मुख्य स्त्रोत सम्पत्तिकर है। शहरवासी समय पर अपना सम्पत्तीकर, जलकर जमा करा कर शहर विकास के कार्यो में सहयोग प्रदान करे।

यह अपील महापौर श्री मुकेश टटवाल ने शहरवासियों से की है। महापौर श्री टटवाल ने बताया कि नगर निगम की आय का मुख्य स्त्रोत निगम द्वारा वसूल किये जाने वाले विभिन्न कर है इसमें मुख्य है सम्पत्ती कर, शहरवासी अपना बकाया सम्पत्तीकर जमा करा कर शहर विकास में सहयोग करे।

राजस्व विभाग प्रभारी डॉ. योगेश्वरी राठौर ने बताया कि चालू वर्ष का सम्पत्तिकर 31 मार्च तक जमा करा कर नागरिक शहर विकास में योगदान करे, निगम द्वारा सम्पत्तिकर वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है, घर-घर बिल पंहुचाए जा रहे है, साथ ही नागरिकों को कार्यालय के चक्कर ना काटना पड़े इसके लिए निगम द्वार मोबाईल डिजिटल वेन का संचालन भी किया जा रहा है जिसके माध्यम से नागरिक अपना सम्पत्तिकर, जलकर जमा कर सकते है।

अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर ने बताया कि 27 मार्च को 64 लाख से अधिक का सम्पत्तिकर वसूला गया है इसी प्रकार अभी तक 32 करोड़ से अधिक का सम्पत्तिकर वसूला गया है। अपर आयुक्त श्री नागर ने बताया कि सम्पत्तिकर वसूली का अभियान चलाया जाकर कर वसूली का कार्य किया जा रहा है। **अपील**–महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, राजस्व विभाग प्रभारी डॉ. योगेश्वरी राठौर, आयुक्त रौशन कुमार सिंह ने शहर के सम्मानीय नागरिकों से अपील की है कि ऐसे करदाता जिन्होने अभी तक अपना बकाया सम्पत्तीकर एवं जलकर जमा नही कराया है वे अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर शहर विकास में अपना योगदान देते हुए एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें एवं कुर्की, वारंट जैसे अप्रिय स्थिति से बचे।

# संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिये लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रचार-प्रसार के निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र जनअभियान परिषद की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री विभाष उपाध्याय, श्री बी.आर.नायडू महानिदेशक म.प्र.जनअभियान परिषद, डॉ.यतीन्द्र सिंह निदेशक सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान, श्री शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्वयक द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

शुभारंभ सत्र में बैठक प्रस्तावना संभाग समन्वयक द्वारा रखी गई, जिसमें कार्य समीक्षा बिंदुओं की जानकारी दी गई। डॉ.यतींद्र सिंह ने बैठक में उपस्थित जिला एवं ब्लॉक समन्वयकों को ष्टस्क्र फण्ड विषय पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि किस प्रकार हम अच्छे स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से ष्टस्क्रकी गतिविधियों को कर सकते हैं। ष्टस्क्रके माध्यम से विकास के नए आयाम गढ़ सकते है। श्री बीआर नायडू ने परिषद के पोर्टल एवं एप पर किस प्रकार जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक नवांकुर संस्थाएं, समितियां अपने-अपने कार्यो को अपलोड करेंगी, इसकी जानकारी दी। पोर्टल पर डैशबोर्ड में हर स्तर पर किये गए कार्यो का



अवलोकन किया जा सकता है। आगामी कार्य योजना की जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को जनअभियान परिषद, हार्ट फुलनेस संस्था एवं अन्य प्रमुख संगठन जो योग और ध्यान पर कार्य कर रहे है, उनके साथ ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से मार्गदर्शन देते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ श्री विभाष उपाध्याय ने कहा कि जनअभियान परिषद अब समस्त हल्रह का नोडल विभाग है। उसी प्रकार शासन की प्रमुख योजनाओं के प्रचार-प्रसार में स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका सुनिश्चित हो, इसकी चिंता कर अच्छे सक्रिय स्वयं सेवी संगठनों को तैयार करना एक बड़ा काम है। मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में लाडली बहना योजना शुरू की है, उसे परिषद की पूरी नीचे तक की इकाई ग्राम स्तर तक पहुंचाये। ऐसा कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित नही रहे। प्रत्येक ब्लॉक में 5 गांवों का चयन करें और उसमे से एक गाँव जो अच्छा हो जहाँ टीम वर्क हो उसे आदर्श गांव बनाने का प्रयास कर, जिले में ब्लॉक में आदर्श गांव का मॉडल स्थापित किया जा सकता है। बैठक में हार्टफुलनेस संस्था उज्जैन के कोऑर्डिनेटर संजय खंडेलवाल, डॉ अंशु भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों को रिलेक्सेशन एवं मेडिटेशन क्रिया करवाई। बैठक में सभी जिला समन्वयकों द्वारा वर्ष भर किये गए कार्यो का पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया गया जिसके आधार पर महानिदेशक द्वारा समीक्षा की गई। संचालन वीरेंद्र सिंह ठाकुर जिला समन्वयक नीमच ने किया व आभार देवेंद्र शर्मा जिला समन्वयक देवास ने माना।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )